

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-308 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 23 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह ने ले ली कई की जान


**-ट्रेन से कूदे पैसेंजर्स को दूसरे ट्रैक पर आ रही ट्रेन ने कुचला, करीब 10 से अधिक की मौत और 40 घायल**



जलगांव,(ए)। महाराष्ट्र के जलगांव में परधाड़े रेलवे स्टेश्शन पर बुधवार शाम करीब 4 बजकर 45 मिनट पर एक बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। हादसा तब हुआ जबकि लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली और जान बचाने अनेक यात्री ट्रेन से पटरियों पर कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस की चपेट में ये यात्री आ गए और इसमें करीब 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 के करीब लोग घायल बताए गए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार 22 जनवरी की शाम पौने पांच बजे जलगांव के परधाड़े रेलवे स्टेशन पर यह दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें करीब 10 लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गए। यह घटना शुरुआती जानकारी के मुताबिक पुष्पक एक्सप्रेस (12533) में आग लगने की अफवाह से हुई। आग लगने की सूचना से घबराए यात्रियों ने ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इस बीच, दूसरे ट्रैक से तेज रफ्तार कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12629) गुजर रही थी, जिसने कई यात्रियों को कुचल दिया। बताया जा रहा है कि पुष्पक एक्सप्रेस के ब्रेक लगाने पर पहियों से धुआं निकलने लगा। इसे देख यात्रियों में अफवाह फैल गई कि ट्रेन में आग लग गई है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि घटनास्थल पर शार्प टर्न होने के कारण दूसरे ट्रैक पर मौजूद यात्रियों को ट्रेन के आने का अंदाजा ही नहीं हुआ और हादसा पेश आ गया।हादसे को लेकर सीपीआरओ स्वप्निल निला ने मीडिया को बताया कि भुसावल डिवीजन से मेडिकल रिलीफ ट्रेन घटनास्थल पर भेजी गई है। वहीं जलगांव सांसद स्मिता वाघ का कहना था कि आग की अफवाह के कारण लोग पुष्पक एक्सप्रेस से कूदे। डीआरएम और कलेक्टर से बातचीत कर डॉक्टरों की टीम भेजी गई ।

## मोदी सरकार ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा, बढ़ाई गई एमएसपी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पीएम मोदी के नेतृत्व में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान कई बड़े फैसले लिए गए हैं। केंद्र सरकार ने कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 315 रुपये की बढ़ोतरी की है, 2025-26 के विपणन सत्र के लिए इसे 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को पांच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि कैबिनेट में आज दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के दसवें दिन गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर अपने शिविर में एक साधु शिवलिंग तैयार कर रहा है।

## औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में 24-25 फरवरी को भोपाल में होगी जीआईएस**



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 24 और 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए उद्योग समूहों और निवेशकों को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में हुए इंटरैक्टिव सेशन में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों और निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश है। प्रदेश में वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया है। औद्योगिक विकास की गति को तेज कर प्रदेश को आर्थिक रूप से अधिक उन्नत और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश, अपने प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों और विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे के साथ, निवेशकों के लिए एक आकर्षक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। हमारी व्यापारिक राजधानी इंदौर ने स्वयं को स्वच्छता की राजधानी के रूप में भी स्थापित किया है। पीथमपुर और मंडीदीप प्रदेश ही नहीं देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हुए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, खनन, फार्मा, पर्यटन, आईटी,सहित सभी क्षेत्रों में सुगम एवं आकर्षक नीतियां विकसित की गई हैं। राज्य के विभिन्न अंचलों में निवेश प्रोत्साहन के लिए देश के शहरों में जाकर उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किये गए हैं। पुणे का सत्र भी इसी क्रम की अगली कड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर इंटरैक्टिव सेशन का शुभारंभ किया।

## लड़की का चिल्लाना और चोट के निशान जरूरी नहीं; सुप्रीमकोर्ट ने रेप के मामलों में खींची लकीर



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में यह स्पष्ट किया है कि यौन उत्पीड़न के मामले में शारीरिक चोटों का न होना अपराध नहीं होने की पुष्टि नहीं करता है। साथ ही देश की सर्वोच्च अदालत ने यह भी साफ कहा है कि यह भी जरूरी नहीं है कि पीड़िता शोर मचाए या चिल्लाए। कोर्ट का मानना है कि ऐसे मामलों में पीड़ितों की प्रतिक्रिया विभिन्न परिस्थितियों पर निर्भर करती है। अदालत ने यह भी कहा कि यौन उत्पीड़न से जुड़ी सामाजिक कलंक और डर पीड़िता की ओर से घटना को उजागर करने में महत्वपूर्ण बाधाएं उत्पन्न करती हैं।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टि की बेंच ने कहा, यह एक सामान्य मिथक है कि यौन उत्पीड़न से शारीरिक चोटें होनी चाहिए। पीड़िता विभिन्न तरीकों से मानसिक आघात का सामना करते हैं। भय, आघात, सामाजिक कलंक, या असहायता जैसी भावनाओं से वह प्रभावित हो सकती है। यह न तो वास्तविक है और न ही उचित है कि हम एक समान प्रतिक्रिया हर केस में उम्मीद करें।

## चीन के बाद भारत के इस शहर में फैली खतरनाक बीमारी, अब तक 17 की मौत

जम्मू ,(आरएनएस)। अभी हाल ही में चीन में अज्ञात बीमारी फैलने की खबरें सामने आने से पूरी दुनिया सकते में थी वही उत्तर भारत के एक इलाके में अज्ञात बीमारी फैलने की बात सामने आ रही है। जम्मू के राजौरी संभाग के बधाला गांव में अलग-अलग परिवारों के 17 लोगों की मौत हो गई है। प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए गांव को तीन हिस्सों में बांटकर कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। इन तीन हिस्सों में जोन उन परिवारों का है जिनके सदस्यों की मौत हुई है, दूसरे जोन में वे लोग हैं जो अज्ञात बीमारी के रोगियों के संपर्क में आए, तीसरे जोन में बाकी बचे हुए परिवार शामिल हैं।रहस्यमयी बीमारी से मौतों की चल रही जांच के बीच अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र में एक झरने को सील कर दिया।

## खौलते तेल में गिरने से 2 साल के मासूम की दर्दनाक मौत, पिता की आंखों के सामने हुआ हादसा

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां सगाई समारोह में खेलते-खेलते दो साल का मासूम बच्चा गर्म तेल की कढ़ाई में गिर गया। बुरी तरह झुलसे बच्चे की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।यह घटना निशातपुरा थाना क्षेत्र की है, जहां सगाई समारोह चल रहा था। तभी दो साल का मासूम अक्षांश साहू खेलते-खेलते गर्म तेल वाली कढ़ाई के करीब पहुंच गया। वहां मौजूद कोई व्यक्ति कुछ समझ पाता, इससे पहले बच्चा इस खौलते तेल की कढ़ाई में जा गिरा। इस घटनाक्रम को अक्षांश के पिता ने देखा, जो कुछ ही दूरी पर खड़े थे। वह उस तरफ दौड़े चले आए और आनन-फानन में बच्चे को गर्म तेल की कढ़ाई से निकाला और उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए। बताया गया है कि बच्चा बुरी तरह झुलस गया था और उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। तमाम कोशिशों के बावजूद बच्चे को बचाया नहीं जा सका और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।परिजनों के अनुसार अक्षांश के चाचा की सगाई थी और सभी लोग इस उत्सव वाले कार्यक्रम में लगे हुए थे। तभी अचानक यह हादसा हो गया। मासूम अक्षांश की मौत के चलते उत्सव वाले घर का माहौल गमगीन हो गया।

## श्रीरामलला के मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, जयकारों से गूंजी अयोध्या



अयोध्या, (आरएनएस)। रामनगरी में बुधवार को फिर से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह कोहरा और बेतहाशा ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किए। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। मानो एक बार फिर से त्रेता युग लौट आया हो। श्री रामचंद्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जन्मभूमि पथ पर कतारबद्ध दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का सैलाबा नजर आया।इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिन आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए थे।

अब जब बारी आई 22 जनवरी की तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंच गए। प्रदेश की योगी सरकार ने दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटा दिखा।राम मंदिर की पहली वर्षगांठ को देखते हुए मठ मंदिरों में भी धूम है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। इसके अलावा दशरथ महल-कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

मणिरामदास छावनी में सुबह रथयात्रा निकालने के बाद 41 दिवसीय अनुष्ठान का आगाज हो गया। इसमें सवा लाख से भी अधिक श्रीराम रक्षास्त्रोत का जाप होगा। बड़ी संख्या में अपने आराध्य का दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं में से अनेक ऐसे भी हैं जो बीती 22 जनवरी को अयोध्या में थे। उसी पल को जीने के लिए वे फिर रामनगरी में हैं। ट्रस्ट को भीड़ के आने का अनुमान था, इसलिए व्यवस्थाएं भी उसी अनुसार की गई थी। राम मंदिर के आसपास का सारा क्षेत्र ब्रह्म मुहूर्त से ही जयकारों से गूंजने लगा था। होटल और धर्मशालाएं पहले से ही लोग आरक्षित कराए हुए थे।

## भारत ने 7 विकेट से जीता पहला टी-20, अभिषेक शर्मा के धुआंधार 79 रन



कोलकाता (ए)। भारत ने इंग्लैंड को पहले टी-20 में 7 विकेट से हरा दिया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत ने बॉलिंग चुनी। इंग्लिश टीम 132 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने तेजी से बैटिंग की और 12.5 ओवर ही 3 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से ओपनर अभिषेक शर्मा ने 34 गेंद पर 79 रन बनाए। उन्होंने पारी में 8 छक्के और 5 चौके लगाए। उन्हें आदिल रशीद ने लॉन्ग ऑफ पर हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा ने जैमी ओवर्टन के खिलाफ 9वें ओवर की पहली बॉल पर छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने 20 गेंद पर अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। अभिषेक ने अपने टी-20 करियर की दूसरी फिफ्टी लगाई। वे एक सेंचुरी भी लगा चुके हैं। बॉलिंग में वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट लिए। इंग्लैंड से जोस बटलर ने 68 रन बनाए, जोफ्रा आर्चर को 2 विकेट मिले। भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

## 9 साल की बच्ची के पेट से निकले डेढ़ किलो बाल, डॉक्टरों ने बताई इसके पीछे की वजह

मुजफ्फरपुर (आरएनएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक दुर्लभ मामले में, श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसकेएमसीएच) के डॉक्टरों ने एक 9 वर्षीय बच्ची के पेट से सफलतापूर्वक डेढ़ किलो बालों का गुच्छा निकाला। बच्ची पिछले सात सालों से बाल खाने की आदत से पीड़ित थी, जो कि ट्राइकोटिलोमेनिया नामक एक मनोरोग का लक्षण है।साहेबगंज की रहने वाली इस बच्ची को पेट में लगातार दर्द और भूख न लगने की शिकायत थी, जिसके बाद उसके परिवार वाले उसे एसकेएमसीएच के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में ले गए। जाँच के दौरान, एक्स-रे और सीटी स्कैन में बच्ची के पेट में बालों का एक बड़ा गुच्छा पाया गया।पेडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने बच्ची का ऑपरेशन किया और सफलतापूर्वक बालों के गुच्छे को निकाला। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची पिछले 15 दिनों से खाना नहीं खा पा रही थी और हर बार उल्टी कर देती थी।





## गुंडागर्दी पर उतर आई है भाजपा, पुलिस भी कर रही है सपोर्ट : आतिशी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा है कि अब भाजपा जब देख रही है कि वह पूरी तरह से दिल्ली में हार रही है तो वह गुंडागर्दी और गाली-गलौज पर उतर आई है और आप कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और मारपीट की जा रही है। इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक प्रेस वार्ता कर सभी घटनाओं को साझा किया है। आतिशी ने कहा कि जब से रमेश बिधूड़ी भारतीय जनता पार्टी से कालकाजी विधानसभा में चुनाव लड़ रहे हैं, लगातार गुंडागर्दी और दहशत का माहौल भारतीय जनता पार्टी द्वारा कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में बनाया जा रहा है।

**सैफ पर एक और मुसीबत**

## भोपाल में पटौदी परिवार की 15,000 करोड़ की संपत्ति पर संकट, सरकार कर सकती है जब्त



भोपाल (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता और मंसूर अली खान पटौदी के वारिस सैफ अली खान के परिवार की भोपाल स्थित करोड़ों की संपत्ति पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हाईकोर्ट द्वारा 2015 में लगी रोक हटाए जाने के बाद अब सरकार इस संपत्ति को जब्त कर सकती है। इस संपत्ति की अनुमानित कीमत 15,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। सरकार इसे शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 के तहत अपने नियंत्रण में ले सकती है। इस संपत्ति में फ्लैग स्टाफ हाउस जैसी ऐतिहासिक इमारतें शामिल हैं, जहाँ सैफ अली खान का बचपन बीता है। इसके अलावा नूर-उस-सबा पैलेस, दार-उस-सलाम और अन्य संपत्तियां भी इस जब्ती के दायरे में आ सकती हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल ने आदेश देते हुए कहा कि संशोधित शत्रु संपत्ति अधिनियम, 2017 के तहत कानूनी उपाय मौजूद हैं और संबंधित पक्षों को 30 दिनों के भीतर अपनी बात रखने का निर्देश दिया है।

## प्रभारी सीएमएचओ की कार्यप्रणाली से विभागीय कर्मचारी भी खपा

**स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं संभालने में अक्षम सिद्ध हो रहे डॉ दिनेश देहलवार**

नर्मदापुरम (निप्र)। डॉ दिनेश देहलवार को सिविल सर्जन के बाद सीएमएचओ के प्रभारी पद दिए जाने के बाद जिले के लोगों को यह उम्मीद थी कि कुछ दिनों तक काम चलाऊ सीएमएचओ बनाया जाएगा लेकिन यह उनके जादू का ही कमाल है कि संभाग मुख्यालय के जिला मुख्यालय पर उन्हें इतने लंबे समय तक प्रभार दिया गया है। शायद शासन भी मजबूर होगा कि विभाग के पास संभाग मुख्यालय जैसे स्थान पर भी प्रभारी से ही काम लेना हो। उनकी कार्यप्रणाली शुरू से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं उनसे नहीं संभल रही है तव भी उनसे ही काम लिया जा रहा है।उनके कार्यकाल में सिवनी मालवा में एक विवाहिक कार्यक्रम के दौरे के समय जब वे कुछ लोगों के साथ थे तब एक सड़क हादसे में जिले के होनहार युवक अक्षय दीक्षित की सडक हादसे में मौत हो गई थी तब सीएमएचओ भी उसी वाहन में सवार होने के बाद वे घटना स्थल से भाग गए थे। उनके साथी घायल थे। फिर भी सीएमएचओ जैसे व्यक्ति का वहां से चले जाना तथा कोई व्यवस्था नहीं करना भी अभी तक चर्चा का विषय बना हुआ है। अक्षय दीक्षित के पिताश्री अरूण दीक्षित का कहना है कि सीएमएचओ जैसे पद पर उन्हें बने रहने का कोई ओचित्य नहीं है। उनमें मानवीयता नहीं है।इसी तरह की बातें विभाग के अनेक कर्मचारी दबे स्वर से करते हैं। जिले के अनेक संगठन यह मांग कर रहे हैं कि शासन को अब ऐसे सीएमएचओ को यहां से हटा देना चाहिए यदि सीएमएचओ ही बनाना हो तो किसी छोटे जिले में उन्हें भेजा जाना चाहिए यहां उनका कार्यकाल विवादित ही माना जाएगा। लोगों से उनके व्यवहार भी ठीक नहीं है। बात करने की शैली भी उनकी बिगडती जा रही है। इसलिए स्वास्थ्य जैसे विभाग में मुखिया का पद किसी अन्य वरिष्ठ डाक्टर को सौंपा जाना चाहिए नहीं तो किसी दिन बडे विवाद का कारण बन सकते हैं। यदि शासन ने फिर भी ऐसे सीएमएचओ से मोह नहीं छोड़ा तो मुख्यालय पर उनके नाम पर धरना प्रदर्शन होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।





## एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार थार कार की टक्कर से लोडिंग ट्रक पलटा

भोपाल (आरएनएस)। एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार थार कार की टक्कर से लोडिंग ट्रक पलट गया। घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, हादसे में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। थार में सवार चारों युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है। फ्लिहाल सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। गांधी नगर पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार थार परवलिया से गांधी नगर की तरफआ रही थी। ट्रक को पीछे से टक्कर मारने के कारण लोडिंग ट्रक पलट गया। हादसे में लोडिंग ट्रक चालक और थार में सवार सभी चारों युवकों को चोटें आई, लेकिन कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। हालांकि कार और ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।जानकारी के अनुसार, होली फैमिली स्कूल के सामने पुल पर एयरपोर्ट रोड से गांधी नगर की ओर जा रही तेज रफ्तार थार ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मारी। यह टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। मौके पर गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत निजी अस्पताल भिजवाया और घटना की जांच शुरू कर दी है।

## बड़े तालाब में मिला युवक का शव

भोपाल (आरएनएस)। बड़े तालाब में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिला है। जिसे गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। श्यामला हिल्स पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह शीतलदास की बगिया बड़ी झील में एक युवक का शव दिखाई दिया था। गोताखोरों ने शव को पानी से बाहर निकाला। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले। इसलिए उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।लाश करीब दो से तीन दिन पुरानी बताई जा रही है। मृतक की उम्र 30-35 के बीच है। पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस अब उसकी शिनाख्ती के प्रयास में लगी हुई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फ्लिहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मिठी गोबिंदराम स्कूल में छात्रों की आंखों और दांतों की हुई जांच

भोपाल।(आरएनएस) संत हिरदाराम नगर स्थित मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में आज से तीन दिवसीय नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के आंखों और दांतों की जांच की गई। यह शिविर सेवा सदन आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा संचालित किया गया।शिविर में बच्चों की आंखों और दांतों की जांच के साथ-साथ उनकी व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी जागरूकता फैलाई गई। चिकित्सकों ने जिन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई, उन्हें तुरंत परामर्श दिया और उनके अभिभावकों को आवश्यक चिकित्सा मार्गदर्शन प्रिस्क्रिप्शन के माध्यम से प्रदान किया।

कार्यक्रम की सफ्लता में विद्यालय प्रबंधन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस अवसर पर संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह और उपप्राचार्य दीपा एंथोनी सहित समस्त कोऑर्डिनेटर्स और शिक्षक उपस्थित रहे। यह पहल बच्चों के समग्र स्वास्थ्य के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## मध्यप्रदेश संत पुजारी संघ ने मनाया संस्कार उत्सव


भोपाल (आरएनएस)। श्यामला हिल्स स्थित हिन्दी भवन में मंगलवार को मध्यप्रदेश संत पुजारी संघ ने अपने स्थापना दिवस पर संस्कार उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान संघ के संस्थापक नरेंद्र दीक्षित ने राज्य के मुख्यमंत्री से प्रदेश को हिन्दू राज्य घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही हिन्दुत्व की लहर में इसकी शुरुआत मध्यप्रदेश से होनी चाहिए, क्योंकि यहां हिन्दू आबादी सबसे अधिक है।कार्यक्रम में संघ ने मध्यप्रदेश को हिन्दू राज्य घोषित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए यह कदम जरूरी है। आयोजन के दौरान 16 संस्कारों पर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवकों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही, सनातन संस्कृति को अपनाने और जीवन में उसका अनुसरण करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कपिल शर्मा, निदान वेलफेयर सोसायटी के सदस्य और अन्य संत व संघ के सदस्य मौजूद रहे।संघ के संस्थापक नरेंद्र दीक्षित ने कहा, जब कश्मीर के मुख्यमंत्री अपने राज्य को इस्लामिक राज्य घोषित कर सकते हैं, तो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी हिन्दुत्व को बढ़ावा देने के लिए खुलकर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दू राज्य घोषित करने का अर्थ अन्य धर्मों का विरोध करना नहीं है। लेकिन जब हमारे भगवान की मूर्तियां जमीन के नीचे मिलती हैं, तो हमें पीड़ा होती है। जब पाकिस्तान अपने आपको इस्लामिक राष्ट्र कहता है, अरब देश इस्लामिक संस्कृति के आधार पर पहचाने जाते हैं, तो भारत को अपनी सनातन संस्कृति के अनुसार हिन्दू राष्ट्र बनने में क्या समस्या है। कार्यक्रम के दौरान 16 संस्कारों की महत्ता पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सनातन धर्म के संरक्षण और समाज में एकता का संदेश देने पर जोर दिया गया। संस्थापक नरेंद्र दीक्षित ने कहा कि हिन्दुत्व केवल एक धर्म नहीं, बल्कि सबको जोड़ने वाली पद्धति है। उन्होंने कहा कि यह हमारी प्राचीन संस्कृति की पहचान है, जो विश्व को शांति और सद्भाव का संदेश देती है। कार्यक्रम के समापन पर समाज सेवा और धर्म के प्रति काम करने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।

## कचरा प्रबंधन के साथ रोजगार भी, क्षमता निर्माण भी

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम, भोपाल द्वारा कचरा प्रबंधन हेतु लगातार नवाचार व नवीन प्रयास किए जा रहे है और अपशिष्ट से विभिन्न प्रकार के उपयोगी वस्तुए बनाकर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे है। इसी क्रम में कचरा प्रबंधन में की अवधारणा को मूर्तरूप देते हुए नगर निगम द्वारा नारियल अपशिष्ट, पुराने कपड़ों व फूलों से विभिन्न प्रकार के उपयोगी उत्पाद बनाने के प्लांट लगाए गए है। इन प्लांटों के माध्यम से स्व सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने और समूहों की महिलाओं को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराने के दृष्टिगत नये-नये उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिलाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके तहत विभिन्न चरणों में अलग-अलग समूहों को अलग-अलग उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से दिया जाएगा। नगर निगम, भोपाल द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन में सहयोगी संस्था मास्टरी इन्फोटेक के माध्यम से स्व सहायता समूहों की महिलाओं को नारियल अपशिष्ट से चिड़िया के घोसले व नर्सरी में उपयोगी विभिन्न प्रकार के उत्पाद, बॉयो एन्जाईम सहित पुराने कपड़ों से रस्सी व फूलों से अगरबत्ती एवं गुलाल बनाने का चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दानापानी कचरा ट्रांसफर स्टेशन स्थित रिसाईकिल हब में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि स्व सहायता समूहों की महिलाओं को नये उत्पाद बनाने की प्रक्रिया की जानकारी हो से और उनके कौशल विकास के साथ ही वह आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ बने। निगम द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में यह एक और नवाचार है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल के सबसे बड़े नव निर्मित फ्लाई-ओवर का करेंगे उद्घाटन

### 154 करोड़ की लागत से बना है 2900 मीटर लंबा फ्लाई-ओवर , फ्लाई-ओवर यातायात प्रबंधन में होगा सहायक



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, गुरवार 23 जनवरी को गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर के बीच 154 करोड़ रूपये की लागत से नव निर्मित भोपाल के सबसे बड़े फ्लाई-ओवर का उद्घाटन करेंगे। यह फ्लाई-ओवर शहर के यातायात प्रबंधन में महती सुधार लाने में सहायक होगा। साथ ही यात्रियों को राहत प्रदान करेगा। समारोह में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित रहेंगे। भोपाल शहर में मैदा मिल मार्ग पर गायत्री मंदिर से डीबी मॉल चौराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा, प्रगति चौराहा से मानसरोवर कॉम्प्लेक्स होते हुए गणेश मंदिर तक निर्मित फ्लाई-ओवर 2900 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा है। यह मैदा मिल मार्ग को विद्या नगर, शक्ति नगर, कस्तूरबा नगर, साकेत नगर, दानिश नगर, आशिमा मॉल और एम्स जैसे प्रमुख रिहायशी और वाणिज्यिक क्षेत्रों से जोड़ता है। इसके अलावा, औबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा और जबलपुर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह मार्ग को सुगम बनाएगा।यह फ्लाई-ओवर डी.बी. मॉल, बोर्ड ऑफिस, प्रगति पेट्रोल पंप और मानसरोवर चौराहे जैसे भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों पर यातायात का दबाव कम करेगा। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार 60 प्रतिशत यातायात इस फ्लाई-ओवर से गुजरेगा, जबकि शेष 40 प्रतिशत यातायात पुराने मार्गों का उपयोग करेगा। फ्लाई-ओवर की एक शाखा डी.बी. मॉल चौराहे से भोपाल हाट (मंत्रालय मार्ग) की ओर जाती है, जिससे वल्लभ भवन तथा अरेरा हिल्स पर स्थित समस्त राज्य स्तरीय कार्यालयों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को पीक आर्वस में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। यातायात सुगम हो जाने से नागरिकों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचने में समय की बचत होगी और वाहन प्रदूषण में भी कमी आयेगी, जिससे भोपाल शहर के नागरिकों को राहत मिलेगी।

## केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को कॉरिडोर निर्माण में हो रहे विलंब से राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कराया अवगत

### मिसरोद बीआरटीएस से रत्नागिरी तिराहे तक कॉरिडोर निर्माण शीघ्र किया जाएगा



भोपाल (आरएनएस) भोपाल के नर्मदापुरम मार्ग पर सुचारू आवागमन के लिए मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर का निर्माण शीघ्र किया जाएगा। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा भेंट करने के बाद संबंधित अधिकारियों को उक्त आशय के निर्देश दिए। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने 22 जनवरी को नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी के निवास पर उनसे भेंट कर कॉरिडोर के निर्माण में हो रहे विलंब की जानकारी से अवगत कराया। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, यह कार्य जिस गति से होना चाहिए उस गति से नहीं हो रहा है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी से कॉरिडोर के निर्माण कार्य को एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राज्यमार्ग प्राधिकरण) से शीघ्र कराए जाने का अनुरोध किया। कॉरिडोर के आभाव में इस क्षेत्र में आवागमन में हो रही दिक्कतों और सड़क दुर्घटनाओं की ओर केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी का ध्यान आकृष्ट कराया।केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को राज्य मंत्री श्रीमती गौर के द्वारा दिए गए अनुरोध पत्र पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर मार्ग का निर्माण शीघ्र होगा।

## राजभवन 25 से 27 जनवरी तक आमजन के लिए खुलेगा

भोपाल (आरएनएस)। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन 25 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक आमजन के लिए खोला जा रहा है। इस अवधि में राजभवन में संविधान की थीम पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ओपन थिएटर के माध्यम से अमर शहीदों की गौरव गाथा सहित विकास की झलक दिखाने वाली लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता ने बताया कि नागरिक निर्धारित अवधि में राजभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 और 27 जनवरी को राजभवन, दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आमजन को राजभवन भ्रमण की अनुमति रहेगी।

## कांजी हाउस फुल, सडक़ों पर आए गौवंश

भोपाल,(आरएनएस)। शहर की सडक़ों पर छह हजार से अधिक बेसहारा मवेशी घूम रहे हैं, जो आए दिन सडक़ हादसे का कारण बन रहे हैं। आए दिन लोग मवेशियों से टकराकर घायल हो रहे हैं, जिसे देखते हुए नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकडऩे के लिए पिछले



साल अगस्त माह से अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अहम बात यह है कि इस वक्त शहर के 90 फीसद कांजी हाउस फुल हैं, ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है कि सडक़ों से गौवंश कैसे हटेंगे? क्योंकि नगर निगम का अमला मवेशियों को पकडकर पहले कांजी हाउस लेकर जाता है, फिर 15 दिन वहां रखने के बाद गौशाला भेज देता है। सूत्र बताते हैं कि राजधानी में करीब 28 गौशालाओं के संचालकों ने भी पशुओं को लेने से इनकार कर दिया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यह अभियान सिर्फ औपचारिकता के लिए चलाया जा रहा है, क्योंकि निगम के कांजी हाउस में मवेशियों को रखने की क्षमता नहीं बची है। यही वजह है कि आज भी मुख्य मार्गों पर मवेशियों का जमावट लगा रहता है। कोलार रोड, बैरागढ़ और अयोध्या बायपास रोड समेत कई इलाकों में बेसहारा गौवंश आ रहे हैं। कोलार रोड पर हादसा होने के बावजूद मेन रोड पर आज भी पशुओं का जमावड़ा दिखा। ऐसा हाल नीलबढ़-रातीबढ़, अयोध्या नगर, बैरागढ़, करोंद समेत कई जगहों का है।

## शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को मौन धारण

भोपाल(आरएनएस)। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रात: 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रात: 11 बजे प्रदेश में कार्य और अन्य गतिविधियाँ रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाए।जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेंगी। सायरन 10:59 बजे से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुन: क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए।

## सकारात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना सशक्त समाज की नींव : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

*मध्यप्रदेश- निवेश और शांति का टापू पुलिस अवार्ड- 2025 कार्यक्रम में हुए शामिल*




भोपाल(आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज मध्यप्रदेश को एक उत्कृष्ट निवेश गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है। राज्य की सकारात्मक नीतियाँ, सहयोगी वातावरण, प्राकृतिक संसाधन, कुशल मानवशक्ति के साथ यहाँ का शांत वातावरण और सुदृढ़ कानून व्यवस्था इसे निवेश के लिये एक आदर्श स्थान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जब राज्य समृद्ध होता है तो उसके साथ चुनौतियां भी आती हैं, इसके लिये सतत सतर्क और सजग रहना आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल होटल मैरियट भोपाल में दैनिक भास्कर मीडिया समूह के पुलिस अवार्ड-2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नशा प्रदेश के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग नशे का धंधा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है। पुलिस विभाग के कार्यों के चलते अपराधियों के हौसले पस्त हो गए हैं, जिससे प्रदेश विकास की राह पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य को संवारने और सशक्त करने के लिये नशा मुक्ति के प्रयासों को सघन और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के जन-जागरूकता लाना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि अपराध की घटनाओं को नैतिक दबाव के माध्यम से जड़ से खत्म किया जा सके।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रत्येक पद महत्वपूर्ण है, और पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य कर समाज को समृद्ध और सशक्त बनाया जा सकता है।

## गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध 1073 प्रकरणों में वसूल किए 01 लाख 54 हजार 150 रुपये

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के समस्त 21 जोनों के स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने मंगलवार को 1073 प्रकरणों में 01 लाख 54 हजार 150 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। निगम अमले ने सीएंडडी वेस्ट के 15 प्रकरणों में 29 हजार 900 रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने मंगलवार को जोन क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की।

## परीक्षा से पहले ही वायरल हो रहे 10-12वीं के प्री बोर्ड पेपर

भोपाल,(आरएनएस)। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) द्वारा कराई जा रही एमपी बोर्ड की 10-12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इधर, डीपीआई का कहना है कि पेपर लीक होने की गुंजाइश नहीं है, क्योंकि सभी पेपर उसी दिन प्राचार्य के



ओटीपी से खुलते हैं। जानकारी के अनुसार मंदसौर में स्टूडेंट्स के पास कुछ पेपर दो दिन पहले तो कुछ पेपर एक दिन पहले ही पहुंच गए। ये सभी पेपर सोशल मीडिया, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और यू-ट्यूब पर भी वायरल हुए। स्टूडेंट्स का कहना है कि परीक्षा में जो प्रश्न-पत्र दिए गए, वह उससे हूबहू मिलते रहे थे। 12वीं के एक छात्र ने बताया कि उसका पहला पेपर 16 जनवरी को था। यह पेपर एक दिन पहले ही टेलीग्राम पर आ गया था। 17 को हिंदी का और 20 जनवरी को गणित का पेपर भी लीक हुआ। ये सभी पेपर टेलीग्राम और इंस्टाग्राम पर डाले गए थे। इसी तरह 21 जनवरी को 12वीं का बायोलॉजी का पेपर दो घंटे पहले सोशल मीडिया पर डाला गया। वही पेपर स्टूडेंट्स को दिया गया।

## नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में "चीता द प्राइड ऑफ इण्डिया'' की थीम पर केन्द्रित होगी मध्यप्रदेश की झाँकी

### राजपथ पर दिखेगी मध्यप्रदेश में चीतों की ऐतिहासिक पुनर्स्थापना की झलक



भोपाल(ए)। नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2025 में मध्यप्रदेश की झाँकी चीता द प्राइड ऑफ इण्डिया'' की थीम पर केन्द्रित होगी। झाँकी में मध्यप्रदेश में चीतों की ऐतिहासिक पुनर्स्थापना की झलक दिखेगी। भारत से 70 वर्ष पूर्व चीते विलुप्त हो चुके थे, भारत में चीतों की वापसी का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न को जाता है। प्रदेश में चीता परियोजना की सफलता के साथ अब मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट'' और चीता स्टेट'' भी बन गया है।मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो नदी के किनारे स्थित राष्ट्रीय कूनो अभयारण्य देश में चीतों का एक नया घर है। अभयारण्य में चीतों के लिये उचित आहार और प्राकृतिक आवास मौजूद हैं। पुनर्स्थापना की सफल परियोजना के परिणाम स्वरूप कूनो में वयस्क और शावक सहित कुल 24 चीते अभयारण्य में विचरण कर रहे हैं।

### प्रदर्शनी का चित्रण

प्रस्तुत झाँकी में भारत में चीतों के सफल पुनर्स्थापन को दर्शाया गया है। अग्रभाग में कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वयस्क चीतों का जोड़ा और कूनो में जन्मे नन्हें चीता शावकों को दर्शाया गया है। झाँकी के मध्य भाग में बहती हुई कूनो नदी और इसके आसपास राष्ट्रीय उद्यान के वनावरण एवं प्राकृतिक आवास में विचरण करते हुए वन्य-जीव, जिनमें हिरण, बंदर, पक्षी और चीते उनकी बढ़ती हुई संख्या के साथ जैव-विविधता के लिये एक आदर्श के रूप में कूनो अभयारण्य को दर्शाया गया है। झाँकी के मध्य भाग के पिछले हिस्से में पेड़ के नीचे बैठे चीता मित्र'' स्थानीय निवासियों को चीता संरक्षण के बारे में प्रशिक्षित कर रहे हैं। झाँकी के अंतिम भाग में वनकर्मी वाच-टॉवर से चीतों की निगरानी करते दिखाई दे रहे हैं, जो सफल चीता परियोजना में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। झाँकी के दोनों ओर एलईडी पेनल्स के माध्यम से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों पर केन्द्रित फिल्म को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। झाँकी के दोनों ओर नृत्य दल श्योपुर जिले का सहरिया जनजाति नृत्य लहंगी'' करते हुए नजर आयेंगे।

# विविध-समाचार

## डीजे पर प्रतिबंध की मांग पर मांगा जवाब

जबलपुर (आरएनएस)। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने डीजे पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग संबंधी जनहित याचिका पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन, गृह सचिव, पुलिस महानिशक, एसपी व कलेक्टर जबलपुर सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को नियत की गई है जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने अपना पक्ष स्वय रखा। उन्होंने दलील दी कि शादी समारोह ओर धार्मिक आयोजनों में अत्याधिक तेज आवाज में बजने वाले डीजे न केवल मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए बल्कि सामाजिक समरसता क लिए भी घातक हैं।

## पत्नी मायके गई तो टावर पर चढ़ गया युवक

बाड़ी/रायसेन,(आरएनएस)। पारिवारिक झगड़ों से तंग आकर पत्नी मायके चली गई तो युवक रामबाबू 240 फीट ऊँचे टावर पर चढक़र ड्रामा करने लगा। यह प्रशासन से उसकी पत्नी को वापस बुलाने और पारिवारिक संपत्ति में हिस्सा दिलाने की मांग करता रहा। प्रशासन ने बड़ी मुश्किल से उसे समझाकर टावर से उतारा, तब वह व्यक्ति टावर से नीचे उतर पाया।

## सुसाइड नोट में लिखा-पत्नी और सास-साली जिम्मेदार

इंदौर (आरएनएस)। बाणगंगा इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक सुसाइड नोट लिखा जिसमें पत्नी, सास और सालियों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। पुलिस के मुताबिक नितिन (28) पुत्र बाबूलाल पडियार, निवासी यादव नंद नगर को सोमवार रात परिवार के सदस्यों ने फंदे पर लटका हुआ पाया। बताया जा रहा है कि नितिन ने करीब पांच साल पहले हर्षा नाम की युवती से लव मैरिज की थी। हर्षा वर्तमान में अपने मायके में रह रही है और कोर्ट में तलाक का केस चल रहा है। परिवार का आरोप है कि पत्नी भरण-पोषण के अलावा उससे 30 लाख रुपए मांग रही थी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## राजगढ़ का पार्षद शराब की तस्करी करते पकड़ाया

धार, (आरएनएस)। नौंगाव थाना पुलिस ने शराब तस्करी में पार्षद और उनके साथी को गिरफ्तार किया है। राजगढ़ के वार्ड नंबर सात के पार्षद ओर उनके एक साथी को इंदौर अहमदाबाद हादवे पर इनोवा कार से अंग्रेजी शराब ले जाते हुए पकड़ा गया। साइबर क्राइम ब्रांच को मिली सूचना पर नौगांव थाना पुलिस ने वाहन एमपी 09 सीई 3625 को रोका।

तलाशी में कार से सिग्नेचर, बकार्डी और ब्लेंडर जैसे अंग्रेजी शराब की पेटियां बरामद हुई। जब्त ख्शराब की कीमत 57 हजार रुपए है। पुलिस ने करीब दस लाख रुपए की इनोवा कार भी जब्त कर ली है। थाना प्रभारी सुनील शर्मा के अनुसार, दोनों आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। शराब की मात्रा कम होने के कारण दोनों आरोपियों को बाद में रिहा कर दिया गया।

# खुशियों की दास्तां मेले में सकारात्मक संदेश दे रही थी सिलाई मशीन



ग्वालियर (आरएनएस)। मेले अपने आप में विविधताओं का सागर समेटे रहते हैं। हर सामर्थ्य के सैलानियों की तरह-तरह की रुचियाँ मेले में पूरी होती हैं। बहुत से लोग मेले में खरीददारी करने के लिये साल भर बचत कर रकम जुटाते हैं। ऐसे ही एक सैलानी वर्ष भर में जमा हुई रकम लेकर इस बार के श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला में अपने परिवार के साथ खास खरीददारी करने पहुँचे थे। यूँ तो उनके द्वारा की गई खरीददारी एक सामान्य सी बात थी, पर उसमें समाज के लिए बड़ा सकारात्मक संदेश छुपा था।

ग्वालियर जिले के आदिवासी बहुल विकासखंड घाटीगाँव की आदिवासी दफाई के निवासी श्री वीर सिंह सपरिवार ग्वालियर मेले का आनंद उठाने आए थे। इस बार उन्होंने साल भर की बचत से अपनी बिटिया के लिये 4 हजार रूपए में सिलाई मशीन खरीदी। उनका बेटे राजीव बड़ी शान के साथ अपने सिर पर मशीन रखकर परिवार के साथ मेला घूमा। वीर सिंह प्रदेश की सबसे पिछड़ी जनजातियों में शुमार सहरिया जनजाति से ताल्लुक रखते हैं। न के बराबर पढ़े-लिखे वीर सिंह बातें बड़ी समझदारी की करते हैं। हँसी-ठिठोली करते हुए मेला घूम रहे वीर सिंह बोले कि मैंने अपनी अविवाहित बिटिया को आत्मनिर्भर बनाने के लिये यह सिलाई मशीन खरीदी है। मैं अपनी बिटिया को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिला रहा हूँ। साथ ही सिलाई मशीन भी खरीद दी है। हमारा लक्ष्य है कि बिटिया का जब विवाह हो तो वह आत्मनिर्भर होकर अपनी ससुराल पहुँचे और उसे किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत न पड़े। सिलाई मशीन लिए वीर सिंह का परिवार मेले के जिस भी सेक्टर से गुजरा वहाँ सिलाई मशीन यही संदेश देती हुई प्रतीत हुई कि बेटियों को अबला नहीं आत्मनिर्भर बनाकर सबला बनाइए। उनका बेटा राजीव बरई के श्याम स्कूल में 9वी कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। वीर सिंह को पता है कि जब वह 12वी कर लेगा तो सरकार उसे बिना परीक्षा के नौकरी पर रख लेगी।

# हाई कोर्ट ने प्रतिबंधित कफसीरप कंपनियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

जबलपुर(आरएनएस)। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने प्रतिबंधित कफसीरप निर्माता कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह जिम्मेदारी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और पुलिस को सोंपी गई है। मामले की अगली सुनवाई 13



फरवरी को नियत की गई है। जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि इस मामले को प्रारंभिक सुनवाई के दोरान सेंट्रल ड्रग स्टेंडर्ड कंट्रोल आर्गनाइजेशन, नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, नई दिल्ली के डायरेक्टर जनरल, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, भोपाल के ड्रग कंट्रोलर एवं डायरेक्टर जनरल आफ पुलिस, भोपला को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद स्थिति कमोबेश ढाक के तीन पात सदृश बनी हे। दरअसल, केंद्र सरकार ने दो जून, 2023 को अधिसूचना जारी कर क्लोफेनिरामाइन व कोडीन के संयुक्त डोज वाली कफसीरप के उत्पादन, वितरण ओर बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद विभिन्न कंपनियां बेखौफहोकर इनका उत्पादन कर रही हैं।

## कमिश्नर श्री वर्मा ने महत्वपूर्ण विषयों को लेकर की संभाग स्तरीय वर्चुअल बैठक

जबलपुर (आरएनएस)। कमिश्नर अभय वर्मा की अध्यक्षता में आज महत्वपूर्ण विषयों को लेकर संभाग स्तरीय वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। जिसमें संभाग के सभी जिलों




के कलेक्टर्स, सीईओ जिला पंचायत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उहोंने राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि आधार से आरओआर की लिंकिंग में तेजी लायें, अभिलेख दुरूस्ती तथा नक्शा बटांकन में प्रगति लाये। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाईन में जिले की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कलेक्टर्स सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करायें और अपने जिले की रैंकिंग सुधारें।

बैठक में स्वामित्व योजना की प्रगति के साथ धान उपार्जन की समीक्षा भी की गई। उन्होंने कटनी और सिवनी के कलेक्टर से कहा कि राइस मिलर्स की बैठक करें और उपार्जित धान के परिवहन में गति लायें। पीएम जनमन की तरह धरती आबा में सेच्युरेशन करने के निर्देश दिये, जिसमें विशेष रूप से कहा गया कि 70 से अधिक उम्र के सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बन जायें। मनरेगा की समीक्षा के दौरान कहा कि लक्ष्य अनुसार कार्य हो, इस दिशा में लापरवाही न हो।

# युवती को खंभे से बांधकर पीटा, मां से भी मारपीट

### - डबरा में कारोबारी की पत्नी पर पथराव से विवाद, 15 पर एफआईआर




डबरा (आरएनएस)। ग्वालियर जिले के डबरा में एक युवती को खंभे से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। इस दौरान युवती की मां की भी पिटाई की गई। आरोप है कि सराफा कारोबारी के कर्मचारियों ने मकान को खाली कराने को लेकर हुए विवाद के चलते इस वारदात को अंजाम दिया। महिलाओं ने कारोबारी की पत्नी पर पथराव किया था। इसके बाद कर्मचारियों ने उनसे मारपीट की।

घटना डबरा सिटी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर को पुलिस को मारपीट और पथराव की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी यशवंत गोयल मौके पर पहुंचे और खंभे से बंधी महिला को छुड़ाया। पुलिस ने इस मामले में 9 आरोपियों समेत 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इनमें चार को गिरफ्तार किया जा चुका है। इधर जानकारी मिलने पर ब्राह्मण समाज के युवा भी मौके पर पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया।

**कारोबारी की पत्नी से बहस के बाद पथराव**

बताया जाता है कि डबरा की कमलेश्वर कॉलोनी में सराफा कारोबारी विजय सर्राफ ने लीला शर्मा और नेहा शर्मा के आधे मकान को खरीदा था। जिसका मामला कोर्ट में भी चल रहा है। इसी मकान के सामने एक मंदिर में कारोबारी की पत्नी कुक्की अग्रवाल पूजा करने पहुंची थीं। इसी दौरान महिलाओं का उनसे विवाद हो गया। इसके बाद महिलाओं ने कारोबारी के पत्नी पर पथराव करना शुरू कर दिया। कारोबारी विजय को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने कर्मचारियों को वहां भेजा। कर्मचारियों ने युवती को खंभे से बांधकर पीटना शुरू कर दिया।

# व्यापार समाचार

# बजट 2025 : रेलवे पर रहेगा खास फोकस, जनता को मिल सकते हैं कई तोहफे



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश का आम बजट 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाएगा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के इस दूसरे बजट से आम जनता को काफी उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि इस बार बजट में रेलवे पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और आम जनता के लिए भी कई घोषणाएं हो सकती हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार के बजट में रेलवे को 2.93 लाख करोड़ से 3 लाख करोड़ रुपये तक का आवंटन किया जा सकता है। यह पिछले साल के मुकाबले 15-20 प्रतिशत अधिक होगा। इस राशि का उपयोग रेलवे के बुनियादी ढांचे को और बेहतर बनाने में किया जाएगा। स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसके तहत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्टेशनों का नवीनीकरण किया जाएगा। देश भर में नई रेलवे लाइनें बिछाई जाएंगी, जिससे रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा और यात्रा समय कम होगा।

आधुनिक ट्रेनों की शुरुआत भी बजट की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे यात्रियों को आरामदायक और तेज यात्रा का अनुभव मिलेगा। सरकार का लक्ष्य 2027 तक 68,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विस्तार करना और 400 वंदे भारत ट्रेनों को चलाना है, और बजट में मिलने वाले फंड का उपयोग इन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने में किया जाएगा।

देश में वर्तमान में रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें सबसे प्रमुख है देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना, जिस पर तेजी से काम हो रहा है और इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए बजट में आवश्यक प्रावधान किए जाने की संभावना है। ट्रेनों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए 'कवच' नामक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को लगाने का कार्य भी प्रगति पर है, जिसके लिए बजट से अतिरिक्त राशि आवंटित की जा सकती है। शहरों में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई शहरों में मेट्रो रेलवे लाइनों के विस्तार का कार्य भी जारी है और इस विस्तार को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में पर्याप्त प्रावधान किए जाने की उम्मीद है।इसके अतिरिक्त, सरकार वंदे भारत ट्रेनों को बढ़ावा दे रही है और इस साल के बजट में 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों और 100 अमृत भारत ट्रेनों को शुरू करने की घोषणा की जा सकती है। इन सभी ट्रेनों के संचालन और रख-रखाव के लिए भी बजट से आवश्यक धनराशि आवंटित की जाएगी। इन सभी परियोजनाओं का उद्देश्य भारतीय रेलवे को आधुनिक, सुरक्षित और अधिक सुलभ बनाना है। इस प्रकार, बजट 2025 में रेलवे पर विशेष ध्यान केंद्रित होने की उम्मीद है, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और रेलवे का बुनियादी ढांचा और मजबूत होगा।

## भारत में डेटा सेंटर्स पर खर्च इस साल 19 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली (आरएनएस)।भारत में डेटा सेंटर्स पर खर्च 2025 में 19.1 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। यह 2024 की विकास दर से करीब दोगुना है। यह जानकारी मंगलवार को एक पूर्वानुमान में दी गई। गार्टनर के ताजा पूर्वानुमान में बताया गया कि सॉफ्टवेयर और आईटी सर्विसेज भारत में आईटी खर्च वृद्धि के प्रमुख चालक हैं, जो 2025 में क्रमशः 16.9 प्रतिशत और 11.2 प्रतिशत बढ़ेंगे।

गार्टनर के उपाध्यक्ष विश्लेषक नवीन मिश्रा ने कहा कि सॉफ्टवेयर पर खर्च जेनएआई-सक्षम समाधानों के प्रीमियम कीमत से प्रेरित है। वहीं, आईटी सेवाओं पर खर्च क्लाउडिफिकेशन, डिजिटलीकरण और कंसल्टिंग सर्विसेज के लिए उद्योगों की आवश्यकताओं के कारण बढ़ रहा है। पिछले महीने रियल एस्टेट कंसल्टेंट सीबीआरई साउथ एशिया की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, भारत के डेटा सेंटर बाजार ने 2019-2024 के बीच घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों निवेशकों से 60 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है और 2027 के अंत तक कुल निवेश 100 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद है।

## एआई का इस्तेमाल करेगा सेबी, 2 साल में 1,000 आईपीओ होंगे प्रोसेस

मुंबई ,(आरएनएस)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) अब कंपनियों द्वारा दायर किए जाने वाले इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) आवेदनों को प्रोसेस करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगा। सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने




मंगलवार को कहा कि आईपीओ के आवेदनों की समीक्षा के लिए नियामक एआई को अपना रहा है। इससे अगले दो साल में 1,000 के करीब आईपीओ प्रोसेस होने की संभावना है। एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया (एआईबीआई) के वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए बुच ने कहा कि सेबी कंपनियों और उनके मर्चेंट बैंकरों के लिए फाइलिंग प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक स्टैंडर्ड आईपीओ टेम्पलेट पर काम कर रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नया टेम्प्लेट रिक्त स्थान भरें फॉर्मेट में होगा। कोई भी जानकारी जो स्टैंडर्ड फॉर्मेट में फिट नहीं होगी, उसकी बारीकी से समीक्षा के लिए अलग से चिह्नित किया जाएगा।इस सिस्टम का उद्देश्य आईपीओ दस्तावेजों को दो भागों में विभाजित करना है, जिसमें स्टैंडर्ड और विशेष जानकारी शामिल होगी। सेबी को उम्मीद है कि इससे उसके अधिकारियों के लिए अनियमितताओं की पहचान करना और उनका समाधान करना आसान हो जाएगा। इस पहल से कंपनियों और विनियामकों दोनों के लिए समय की बचत होने की उम्मीद है। एआई तीन प्रमुख तरीकों से मदद करेगा, जिसमें दस्तावेज समीक्षा, ऑनलाइन सर्च और सामग्री जांच शामिल है। बुच के मुताबिक, इससे न केवल समय बचेगा, बल्कि आईपीओ दस्तावेजों और उनकी समीक्षा करने की दक्षता भी बढ़ेगी।

## पूर्वोत्तर में प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार 1,854 करोड़ रुपये के पार, असम 1009 करोड़ की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर

गुवाहाटी (आरएनएस)। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों ने प्रत्यक्ष बिक्री में लम्बी छलांग भरते हुए करीब 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर वर्ष 2022-23 में 1854 करोड़ रूपये से अधिक का कारोबार किया जो न केवल गत वर्षावधि से 255 करोड़ रूपये अधिक है बल्कि ठोस भावी दिशा को भी परिलक्षित करता है। देश में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की अग्रणी संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) ने आज यहां आयोजित द्वितीय पूर्वोत्तर प्रत्यक्ष बिक्री सम्मेलन और प्रदर्शनी कार्यक्रम में इसका खुलासा किया। आईडीएसए ने बताया कि 21,282 रूपये के कुल राष्ट्रीय प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में पूर्वोत्तर क्षेत्र की लगभग 8.7त्न की हिस्सेदारी है और यह 4.2 लाख से अधिक प्रत्यक्ष विक्रेताओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करता है। इस क्षेत्र में असम 13 प्रतिशत की सालाना विकास दर के साथ 1009 करोड़ रूपये की बिक्री और 4.7% की बाजार हिस्सेदारी से देश का न केवल 9वां सबसे बड़ा प्रत्यक्ष बिक्री बाजार है बल्कि सहयोगी राज्यों में भी शीर्ष क्रम पर है और यह मुकाम उसे 2.4 लाख से अधिक प्रत्यक्ष विक्रेताओं की अथक मेहनत की बदौलत हासिल हुआ है। आईडीएसए के अनुसार पूर्वोतर क्षेत्र के अन्य सात राज्य कुल बिक्री में लगभग 845 करोड़ का योगदान करते हैं जिनमें नागालैंड 227 करोड़, मिज़ोरम 156 करोड़, अरुणाचल प्रदेश 78 करोड़, त्रिपुरा 72 करोड़, मेघालय 19 करोड़ और सिक्किम की पांच करोड़ रूपये की हिस्सेदारी है। मिजोरम ने सर्वाधिक 31%, सिक्किम 25%, नागालैंड 22.7त्न और मणिपुर ने 20त्न की चौंकाने वाली विकास दर हासिल की है।

# फोन-पे ने महाकुंभ में चलाया अभियान, 144 रुपए का फ्लैट कैशबैक देने की घोषणा




नई दिल्ली,(ए)। फोन-पे ने महाकुंभ मेले के इर्द-गिर्द एक अभियान शुरू करने की घोषणा की। इस अभियान में कई रोमांचक चीजों के अलावा महाशगुन ऑफर भी शामिल किए हैं। प्रयागराज में पहली बार आने वाले उपयोगकर्ता अपने पहले लेनदेन पर 144 रुपए का फ्लैट कैशबैक पा सकते हैं। यह ऑफर केवल 26 फरवरी को मेले के आखिर तक वैध है और लेनदेन 1 रुपए से भी कम है।

अभियान के लिए उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने के लिए, कंपनी प्रासंगिक टच पॉइंट पर महाकुंभ-थीम वाले क्यूआर कोड, बैनर, पोस्टर और अन्य ब्रांडिंग तत्वों का मिश्रण इस्तेमाल कर रही है। इसके अलावा फोन-पे ने अपने स्मार्ट स्पीकर पर एक विशेष संदेश लॉन्च किया है, जिसमें लोगों को "महाकुंभ की शुभकामनाएं, महा शगुन के साथ" की शुभकामनाएं दी गई हैं। इस अभियान का उद्देश्य महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक और सहज बनाने में मदद करना है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्टॉल और स्टोर पर या शगुन के लिए भुगतान करने के लिए नकदी ले जाने के तनाव के बिना घूमने में उनकी मदद करना है। क्योंकि मेले में फोन-पे भुगतान का एक स्वीकार्य तरीका होगा।

इससे डिजिटल भुगतान को अपनाने में और तेज़ी आएगी, साथ ही करोड़ों भारतीयों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, जो अभी तक डिजिटल भुगतान के दायरे में नहीं आया है। फोन-पे ने इस विशेष कैशबैक ऑफ़र का लाभ उठाने के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका का वर्णन किया है। उपयोगकर्ताओं को सबसे पहले आईओएस या एंड्रायड डिवाइस पर फोन-पे ऐप डाउनलोड करना होगा, बैंक खाता लिंक करना होगा और यूपीआई पिन सेट करना होगा। ऑफ़र का लाभ उठाने के लिए, ऐप पर स्थान की अनुमति देनी होगी। उपयोगकर्ताओं को अपने डिवाइस पर अपनी लोकेशन सेवा भी चालू रखनी होगी।

# रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ ही 86.36 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह रुपया सात पैसे की बढ़त के साथ ही 86.55 पर खुला। वहीं गत दिवस भारतीय रुपया 17 पैसे नीचे आकर 86.62 पर बंद हुआ। सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों के अपने उच्च स्तर से पीछे हटने से रुपया र शुरुआती कारोबार



में 17 पैसे की बढ़त के साथ 86.28 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.28 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 17 पैसे की बढ़त दिखाता रहाहै। शुरुआती कारोबार में स्थानीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 86.43 पर भी पहुंची। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.45 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.94 फीसदी की गिरावट के साथ 108.31 पर रहा।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम कैसे

भारत के शीर्ष तीन शहरों में बेंगलूरु को महिलाओं के लिए सामाजिक व औद्योगिक समावेश में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाला माना गया है। तमिलनाडु के आठ शहरों को इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें कामकाजी महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित, समावेशी शहरों में दूसरे नंबर में राज्य की राजधानी चेन्नई है। जो बीते साल के सर्वेक्षण में पहले पायदान पर थी। लिंग समावेशी क्षेत्र के तौर पर 25 में से 16 शहर दक्षिण भारत के हैं। यह सर्वेक्षण महिलाओं के कामकाज, उनकी रहने की जगहों, आगे बढने् के तरीकों के आधार पर किया गया।

कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, वेल्लोर, मदुरै, सेलम, इरोड, तिरुप्पुर भी इस सूची में शामिल हैं। देश में महिलाओं के लिए शीर्ष शहरों के सूचकांक, आदर्श शहरों व सवरेत्तम चलन की पहचान करता है। महिलाओं की प्रगति और उन्हें आग बढने् के मार्ग प्रशस्त करने में शहरों के मूल सिद्धांतों व सांस्कृतिक ताने-बाने की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। मुख्मंत्री एमके स्टालिन का दावा है कि भारत की औद्यौगिक महिला कार्यबल का चालीस प्रतिशत हिस्सा तमिलनाडु से आता है।

देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम कसने में बुरी तरह असफल सरकारों के लिए इस तरह के अध्ययन फौरी तौर पर राहत दे सकते हैं। मगर हकीकत यही है कि देश भर में प्रतिवर्ष तकरीबन चार लाख से अधिक मामले महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के दर्ज होते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार हर पंद्रहवें मिनट में बलात्कार की घटना दर्ज होती है, जिसमें राजस्थान शीर्ष पर है, उप्र-मप्र क्रमशः दूसरे-तीसरे स्थान पर हैं। कामकाजी महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर होने वाले शोषण के खिलाफ कानून लागू होने के बावजूद सुरक्षित वातावरण मिलना बेहद दुष्कर है। हालांकि उक्त सर्वेक्षण में अध्ययन के लिए चुने गए शहरों के परिवेश व सांस्कृतिक महत्त्व को भी देखा जाना जरूरी है। क्योंकि दक्षिण के राज्यों में उत्तर की बनिस्पत शिक्षा अधिक है और लैंगिक विषमता भी कम है।

असल सवाल यह होना चाहिए कि महिलाओं के लिए सुरक्षित शहरों के तौर-तरीकों को अन्य राज्य सरकारें भी अपनाने का प्रयास करें। इससे महिला कार्य-बल की क्षमता भी बढ़ सकती है, वे उत्कृष्टतापूर्ण नतीजे देने में सफल होंगी, जो राष्ट्र की उन्नति व समृद्धि में महती भूमिका निभा सकता है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार पूनम शर्मा के समर्थन में रोड शो में भाग लिया।

# अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप-पहले भाषण में ही फ़ैसलों की झड़ी- दुनियाँ की नींद उड़ी

## ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान-प्रथम भाषण में घोषित किया प्लान

**किशन सनमुखदास भावनांनी**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के करीब करीब हर देश में 20 जनवरी 2025 को अमेरिका क़े स्थानीय समय अनुसार दोपहर 12 बजे वह विभिन्न देशों के स्थानीय समय के साथ-साथ भारत के स्थानीय समय रात्रि 10:30 को, हर हितधारक या रुचिधारक व्यक्ति की नजरें एकटक संचार माध्यमों जैसे टीवी मोबाइल रेडियो आदि पर लगी हुई थी,जहां डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण कर रहे थे। मैं स्वयं भी अपने मोबाइल पर देर रात्रि करीब 3 बजे तक डिबेट, समाचार, विचार सुनता रहा फिर आर्टिकल तैयार किया हूं। मैं मोबाइल पर भारत सहित विश्व की अनेकों टीवी चैनलों पर रिसर्च कर देखा तो मुझे करोड़ों लोग लाइव देखते हुए मिले किसी चैनल में हजारों तो किसी चैनल में लाखों लोग लाइव देखते हुए मिले एक अमेरिकी चैनल में 4.5 के यूजर्स का आंकड़ा भी मुझे दिखा। सबसे पहले उपराष्ट्रपति क़े लिए जे डी वैन्स ने शपथ ग्रहण किया उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली,फिर उन्होंने अपने पहले ही संबोधन में फैसलों की लगा दी झड़ी,दुनियाँ की नींद उड़ी, क्योंकि करीब करीब 13 से अधिक कड़े फैसले तुरंत ही लिए गए (1) अमेरिका फर्स्ट की नीति पर काम करेगी सरकार (2) मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी रखा जाएगा (3) मेक्सिको बॉर्डरपर इमरजेंसी का प्लान (4) ड्रग्स तस्करों को आतंकवादी घोषित किया (5) घुसपैठियों को रोकने के लिए सेना की मदद (6)अमेरिका में अब से थर्ड जेंडर नहीं रहेगा (7) अमेरिका में सबको बोलने की आजादी, इशारा अश्वेतों की तरफ (8) ड्रिल बेबी ड्रिल नीति का ऐलान (9) दूसरे देशों पर टैक्स व टैरिफ बढ़ाएंगे (10) अमेरिका में सैनिकों के अधिकार बढ़ाएंगे (11) 20 जनवरी 2025 अमेरिका में नई आजादी का दिन (12) दूसरे देशों की जंग में अमेरिका की सेना नहीं जाएगी (13) पनामा नहर से चीन का अवैध कब्जा हटेगा। बता दें इन फैसलों में भारत को सिर्फ नई आवर्जन नीति से फर्क पड़ सकता है, क्योंकि चैनल पर डिबेट में बताया गया की 2022 के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में भारतीय मूल की आबादी 6 पर्सेंट यानें 27 लाख है, जिसमें 7.25 लाख अवैध भारतीय हैं जिनमें 1100 लोगों को पिछले



वर्ष सख्ती से वापस भेज दिया गया था। ट्रंप से 62 गुना अमीर एलन मस्क का जलवा भी दिखा! एक जमाना था ट्विटर ने ट्रंप का अकाउंट बंद कर दिया था,जो आगे चलकर एलन मस्क ने खरीदा व ट्विटर से नाम बदलकर एक्स रख दिया। एक अनोखी बात यह हुई कि ट्रंप अपने पहले ही भाषण में जो बाईडेन के बीते 4 वर्षों की आलोचना तक कर दी। चूँकि ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान प्रथम भाषण में घोषित किए गए प्लान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप, पहले भाषण में ही फसलों की झड़ी, दुनियाँ की नींद उड़ी। साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति की शपथ के बाद तुरंत संबोधन की करें तो, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा।मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले रखूंगा। हमारी संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। जस्टिस डिपार्टमेंट और हमारी सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हमारी प्राथमिकता एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करने की होगी जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो। अमेरिका को पहले से कहीं ज्यादा महान, मजबूत और कहीं ज्यादा असाधारण होना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने आव्रजन पर अपनी आगामी कार्यकारी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि वह दक्षिणी सीमा पर आपातकाल की घोषणा करेंगे और अपने पहले कार्यकाल में लागू की गई कई नीतियों को फिर से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पकड़ो और छोड़ो की प्रथा को समाप्त करेंगे और मैक्सिकन ड्रग कार्टेल को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करेंगे। ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान कहा, मैं इस विश्वास और आशा के साथ राष्ट्रपति पद पर वापस आ रहा हूं कि हम राष्ट्रीय सफलता के एक रोमांचक नए युग की शुरुआत में हैं। देश में बदलाव की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विश्वास के संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी और भ्रष्ट प्रतिष्ठान ने कई वर्षों से देश पर कहर बरपाया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सरकार अब बुनियादी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है, उन्होंने पश्चिमी उत्तरी कैरोलिना को तबाह करने वाले तूफान के विनाशकारी नतीजों की ओर इशारा किया। उन्होंने तर्क दिया कि दक्षिणी सीमा पर स्थिति नियंत्रण से बाहर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, आज से यह सब बदल जाएगा। ट्रंप ने कहा कि उनकी हालिया जीत अमेरिकी लोगों के साथ किए गए भयानक विश्वासघात को पूरी तरह से पलटने का जनादेश है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे लोगों को उनका विश्वास, धन, लोकतंत्र और स्वतंत्रता वापस दिला पाएंगे। उन्होंने कहा, इस क्षण से अमेरिका का पतन समाप्त हो गया है। ट्रंप ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उन्हें इतिहास के किसी भी राष्ट्रपति की तुलना में ज्यादा परीक्षा और चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे गणतंत्र को फिर प्राप्त करने की यात्रा आसान नहीं रही है। ट्रंप ने पिछले साल पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुई उस घटना का उदाहरण दिया जिसमें उन पर गोली चलाई गई थी और गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मेरी जान किसी कारण से बचाई गई। मुझे भगवान ने अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए बचाया ।

# स्वामित्व योजना के तहत बनाए गए संपत्ति कार्ड द्वारा सह-स्वामित्व के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण

**सुशील कुमार लोहानी**

18 जनवरी, 2025 को लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण, ग्रामीण सशक्तिकरण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह पहल, संपत्ति के अधिकारों को मजबूत करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक समृद्ध और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत में ग्रामीण महिलाएँ कृषि, घरेलू प्रबंधन और सामुदायिक जीवन का केंद्र रही हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रणालीगत बाधाओं ने उन्हें उस भूमि की कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया है, जिस पर वे खेती करती हैं और जिसकी देखभाल करती हैं। इस असमानता ने महिलाओं की वित्तीय संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता तक पहुँच को बाधित कर दिया है, जिससे आर्थिक और लैंगिक असमानताएँ अभी तक मौजूद हैं।

स्वामित्व योजना आधिकारिक तौर पर महिलाओं को भूमि के सह-स्वामी के रूप में मान्यता देकर इस आख्यान को नया रूप दे रही है। यह परिवर्तनकारी पहल, महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की सुविधा देती है तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। यह लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत में, भूमि स्वामित्व वित्तीय मूल्य से परे है - यह सामाजिक स्थिति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। संपत्ति के अधिकार के बिना, महिलाओं को अक्सर वित्तीय अस्थिरता, विस्थापन और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कानूनी भूमि अधिकार प्रदान करके, स्वामित्व योजना महिलाओं को भूमि उपयोग, पहुँच और संसाधनों के संबंध में सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है।

योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है - महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू-स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह-स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने महिलाओं को संपत्तियों का सह-स्वामी बनने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप, महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से या पूर्ण स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों का प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 16त्न से बढ़कर 88त्न हो गया। इस बदलाव ने महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ-साथ संपत्ति विवादों को कम करने और आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के प्रति सशक्त बनाया है। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, राज्य के भू राजस्व संहिता के तहत सह-स्वामी के रूप में महिलाओं को शामिल करने के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। हरदा की श्रीमती शालिया सिद्दीकी जैसी महिलाओं ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त करने से कैसे उनकी भूमि सुरक्षित हुई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी समर्थन प्राप्त हुआ। इस सशक्तिकरण ने ऋण, कृषि सहायता और अन्य वित्तीय संसाधनों तक पहुँच को सक्षम किया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

वित्तीय और कानूनी सशक्तिकरण से परे, यह योजना एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि है। कई महिलाओं के लिए, संपत्ति का स्वामित्व परिवारों और समुदायों में सुरक्षा, मान्यता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। यह उन सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देता है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को संपत्ति से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखा है। इस योजना के जरिये महिलाओं को घरेलू और सामुदायिक शासन में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है। भूमि अधिकारों को सुरक्षित करके, स्वामित्व योजना गहरी जड़ें जमाए लैंगिक पूर्वाग्रहों का समाधान करती है और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है। कानूनी मान्यता परिवारों और समाज के भीतर उनकी स्थिति को मजबूत करती है, घरेलू संसाधनों पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है और संपत्ति विवादों के दौरान विस्थापन या अधिकारों के उल्लंघन के जोखिम को कम करती है। वित्तीय या व्यक्तिगत संकट के दौरान, भूमि स्वामित्व एक अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करता है, जो महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने और अपनी आजीविका सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है।इसके अलावा, यह योजना संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है, विशेष रूप से लक्ष्य 1, जिसका उद्देश्य गरीबी को समाप्त करना है, और उप-लक्ष्य 1.4.2, जो महिलाओं सहित कमजोर समूहों के लिए कार्यकाल सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर देता है। महिलाओं को संपत्ति के मालिकों के रूप में मान्यता देकर, स्वामित्व योजना इन वैश्विक लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती है तथा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देती है।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं।किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। आपके संतान के करियर या शिक्षा से संबंधी बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को मानसिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। किसी से चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से बच जायेंगे। आज अपने काम को समय से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं। आज जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है।

कन्या राशि : आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज आपके मन में स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको नया सीखने को मिलेगा। अन्य लोगों ने जिस प्रकार से अपने काम में प्रगति की है, वैसे ही अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी सेवारत हैं उन लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।

मकर राशि : आज का दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए समय अच्छा है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में लाभ लेने के लिए किसी एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। आज आपको किसी और के मामलों से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके।

आज आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

# जैव विविधता का महत्त्वपूर्ण हिस्सा पेंगुइन

**योगेश कुमार गोयल**

पेंगुइन ऐसा खूबसूरत पक्षी है जो पंखों के बावजूद उड़ नहीं पाता लेकिन पानी में बेहद तेज तैराक होता है। माना जाता है कि पेंगुइनों ने लाखों वर्ष पहले उडने् की क्षमता खो दी थी।

शक्तिशाली फ्लिपर्स और सुव्यवस्थित शरीर उन्हें बहुत अच्छा तैराक बनाते हैं। यह सबसे तेज तैरने और सबसे गहरा गोता लगाने वाली पक्षी प्रजाति है। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण तथा मानव गतिविधियों के कारण इस खूबसूरत पक्षी की कई प्रजातियां भी संकटग्रस्त हैं।

दुनिया भर में पेंगुइन की कुल 18 प्रजातियां पाई जाती हैं, जो स्फेनिस्कीनाई उप-परिवार के अंतर्गत आती हैं। इनमें एडेली पेंगुइन', दक्षिणी रॉकहॉपर पेंगुइन' और मैकरोनी पेंगुइन' प्रमुख रूप से शामिल हैं। पेंगुइन की 18 प्रजातियों में से 11 प्रजातियां अब संकटग्रस्त अथवा विलुप्तप्राय: की श्रेणी में आती हैं। पेंगुइन की आबादी प्रति वर्ष खतरनाक दर से घट रही है, और दुनिया के अधिकांश लोग इस बात से इसीलिए अनजान हैं क्योंकि उन्हें अपने प्राकृतिक आवास में पेंगुइन देखने को नहीं मिलते। पेंगुइन की 72 प्रतिशत प्रजातियों की आबादी घट रही है, और 5 प्रजातियां लुप्तप्राय मानी जाती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बेहतर सुरक्षा और संरक्षण उपायों को लागू नहीं किया गया तो इन प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। आईयूसीएन ने पेंगुइन की अनेक प्रजातियों को संकटग्रस्त की श्रेणी में सूचीबद्ध किया है। यही कारण है कि पेंगुइन की सुरक्षा के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय संगठन प्रयासरत हैं, और 2000 से प्रति वर्ष 20 जनवरी को पेंगुइन जागरूकता दिवस' भी मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पेंगुइन के संरक्षण और उनके आवासों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिवस पेंगुइन संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयास में पेंगुइन के आवासों की सुरक्षा पर जोर देता है।



जलवायु परिवर्तन के चलते बर्फ की चादर पिघलने और समुद्री तापमान में वृद्धि होने के कारण पेंगुइन के प्रजनन स्थल और भोजन के स्रोत प्रभावित हो रहे हैं। विषाक्त प्लास्टिक, मछली पकडने्, तेल रिसाव, आवास विनाश और पर्यटन जैसी तेजी से बढ़तीं मानवीय गतिविधियों के कारण भी पेंगुइन के आवासों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समुद्र में लेर्पड सील' और ऑर्का जैसे शिकारी भी पेंगुइन के लिए खतरा बनते हैं।

पेंगुइन अपने बच्चों को अंटार्कटिका की बर्फ पर पालते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वे खतरे में हैं। अमेरिका में सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायर्वसटी' के जलवायु विज्ञान निदेशक शाय वुल्फ का कहना है कि पेंगुइन का अस्तित्व इस पर निर्भर करता है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सरकार क्या ठोस कदम उठाती है। अमेरिकी सरकार का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इन पक्षियों के असफल प्रजनन का बड़ा कारण बन रहा है।

वेडेल सागर में हैलीबे कॉलोनी दुनिया में एम्परर पेंगुइन की दूसरी सबसे बड़ी कॉलोनी है। इस कॉलोनी ने कई वर्षो तक समुद्री बर्फ की खराब स्थिति का सामना किया है। ऐसे में 2016 में सभी नवजात चूजे डूब गए थे, जिससे इनकी कॉलोनी को बहुत नुकसान हुआ था। इसीलिए अमेरिकी सरकार चेतावनी दे चुकी है कि एम्परर पेंगुइन को अर्ज्रेट क्लाइमेट एक्शन' की सख्त जरूरत है।

हालांकि वाइल्ड लाइफ एजेंसी' का कहना है कि पिछले 40 वर्षो के उपग्रह डेटा और अन्य सबूतों की जांच से सामने आया है कि पेंगुइन पर फिलहाल विलुप्त होने का तो खतरा नहीं है, लेकिन यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो वह दिन भी दूर नहीं है। वाइल्ड लाइफ एजेंसी' द्वारा इस पक्षी को पर्यावरण समूह, सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायर्वसटी द्वारा 2011 में लगाई गई एक याचिका की मदद लेकर ए डेंर्जड स्पीशीज एक्ट' के तहत रखा गया है।

बहरहाल, बढ़ते तापमान के कारण समुद्री बर्फ पिघल रही है, जिससे पेंगुइन की प्रजनन और भोजन खोजने की क्षमता प्रभावित हो रही है। समुद्रों में प्लास्टिक और अन्य प्रदूषण पेंगुइन के लिए बड़ा खतरा बन रहे हैं। पेंगुइन अक्सर प्लास्टिक को भोजन समझ कर निगल लेते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। अत्यधिक मछली पकडने के कारण पेंगुइन के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो रही है।

पर्यावरणविद् जलवायु परिवर्तन के कारण अंटार्कटिका में रहने वाले एम्परर और एडेली पेंगुइन को लेकर तो बेहद चिंतित हैं क्योंकि उनका मानना है कि दो डिग्री तापमान परिवर्तन के साथ इन्हें आवास की गंभी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। पेंगुइन न केवल पृथ्वी की जैव विविधता का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, बल्कि समुद्री खाद्य श्रृंखला का भी महत्त्वपूर्ण अंग हैं, जो समुद्री पारिस्थितिक तंत्र का स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करते हैं। काले और सफेद रंग के उडने् में असमर्थ पंख वाले खूबसूरत पेंगुइन पृथ्वी के सबसे प्यारे और अद्भुत जीवों में शुमार हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने जरूरी हैं ताकि आने वाली पीढियां भी इन अद्वितीय पक्षियों की सुंदरता और विशिष्टता का आनंद ले सकें।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह केरल के अलाप्पुझा में विद्याधिराज विद्यापीठम सैनिक स्कूल के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए.

# योगी कैबिनेट : पुलिस महानिदेशक पहुंचे कुंभ, सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण, लगाई आस्था की डुबकी

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री और मंत्रियों के स्नान से पहले घाटों पर सुरक्षा-व्यवस्था देखी। बुधवार को महाकुंभ में योगी कैबिनेट की बैठक है। इसके बाद मुख्यमंत्री और सभी मंत्री अरैल घाट से मोटर बोट के जरिए संगम स्नान के लिए जाएंगे।

इस दौरान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने यहां की सुरक्षा व्यवस्था के निरीक्षण के साथ आस्था की डुबकी लगाई है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज योगी सरकार की कैबिनेट बैठक कुंभ क्षेत्र में होगी। इसके बाद सभी मंत्री और मुख्यमंत्री यहां स्नान करेंगे। सुरक्षा की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है। आने वाली मौनी अमावस्या के दौरान सबसे ज्यादा भीड़ आने की संभावना है। उसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मकर



संक्रांति के दौरान जो छोटी-मोटी कमियां रह गई हैं, उन्हें ठीक किया जाएगा। इस बारे में अधिकारियों से बातचीत की गई है। उस दौरान शहर में भी बेहतर यातायात की व्यवस्था की जाएगी। यह निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि यहां पूरे विश्व के लोग स्नान कर रहे हैं। मैंने भी संगम स्नान किया। बहुत अच्छा लगा। यह व्यक्ति की आस्था का विषय है। जो इस पर विश्वास करता है, वह यहां स्नान करता है। हमारे साथ कुछ विदेशी पर्यटकों ने भी स्नान किया है और यहां की व्यवस्था के बारे में काफी संतोष जाहिर किया है। उन्होंने आगे कहा कि साफ-सफाई और अन्य व्यवस्था अधिकारी और कर्मचारी कर रहे हैं। इस बार के महाकुंभ में पूरा विश्वास है कि रिकॉर्डतोड़ श्रद्धालु आएंगे। जिस प्रकार से हमने 45 से 50 करोड़ लोगों के आने की व्यवस्था की है, उतने लोग 45 दिन के अंदर आ जाएंगे।

यूपी के डीजीपी ने कहा कि ऐसा स्वाभाविक है कि इन दिनों यहां काफी भीड़ होगी। संख्या ज्यादा होने के कारण ट्रैफिक रुकता नहीं है। स्लो चलता रहता है। उसे बेहतर करने के लिए अतिरिक्त मैनपावर लगाई गई है।

# फलों से लदा ट्रक खाई में गिरने से 8 लोगों की दर्दनाक मौत, 10 गंभीर रूप से घायल

येल्लापु (आरएनएस)। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सावनूर से कुमटा बाजार जा रहा सब्जियों और फलों से लदा एक ट्रक येल्लापुर के पास अरेबैल और गुल्लापुरा के बीच खाई में गिर गया, जिससे 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 5:30 बजे हुआ जब ट्रक चालक ने किसी अन्य वाहन को रास्ता देने के प्रयास में अपना नियंत्रण खो दिया। परिणामस्वरूप, ट्रक सड़क के बाईं ओर चला गया और लगभग 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। ट्रक में 30 से अधिक लोग सवार थे, जिनमें ज्यादातर सब्जी विक्रेता थे जो अपनी उपज बेचने के लिए बाजार जा रहे थे।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहाँ कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। करवार के पुलिस अधीक्षक नारायण एम के अनुसार, मृतकों की संख्या पहले 8 बताई जा रही है।

अधिकारी हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं, जिसमें ट्रक की स्थिति और सड़क के बुनियादी ढांचे का भी निरीक्षण शामिल है। इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट की चेतावनी, ED नागरिकों को परेशान करना बंद कर दे, हद में रहे

नई दिल्ली (आरएनएस)। बंबई उच्च न्यायालय ने एक रियल एस्टेट कारोबारी के खिलाफ 'बिना सोचे समझे' धन शोधन की जांच शुरू करने के लिए श्वष्ठ यानी प्रवर्तन निदेशालय पर मंगलवार को एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए। ईडी पर जुर्माना लगाते हुए जस्टिस मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों को एक 'कड़ा संदेश' जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को परेशान न किया जा ए। उच्च न्यायालय ने अगस्त 2014 में मुंबई के एक रियल एस्टेट डेवलपर राकेश जैन को धन शोधन एजेंसी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर एक विशेष अदालत द्वारा जारी की गई प्रक्रिया (समन/नोटिस) को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, 'अब समय आ गया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां कानून को अपने हाथ में लेना बंद करें और नागरिकों को परेशान करना बंद करें।'ईडी ने जैन के खिलाफ उपनगरीय विले पार्ले थाने



में एक संपत्ति खरीदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी, जिसमें जैन पर समझौते के उल्लंघन और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। उच्च न्यायालय ने अगस्त 2014 में मुंबई के एक रियल एस्टेट डेवलपर राकेश जैन को धन शोधन एजेंसी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर एक विशेष अदालत द्वारा जारी की गई प्रक्रिया (समन/नोटिस) को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, 'अब समय आ गया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां कानून को अपने हाथ में लेना बंद करें और नागरिकों को परेशान करना बंद करें।' ईडी ने जैन के खिलाफ उपनगरीय विले पार्ले थाने में एक संपत्ति खरीदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी, जिसमें जैन पर समझौते के उल्लंघन और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था।

न्यायमूर्ति जाधव ने अपने फैसले में कहा कि जैन के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है, इसलिए धन शोधन के आरोप भी टिकते नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि जैन के खिलाफ शिकायतकर्ता का कदम और ईडी की कार्रवाई 'स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण है और इसके लिए जुर्माना लगाने की आवश्यकता है।' न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, 'मैं जुर्माना लगाने के लिए बाध्य हूं, क्योंकि ईडी जैसी कानून लागू करने वाली एजेंसियों को एक कड़ा संदेश देने की जरूरत है कि उन्हें कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए और वे बिना सोचे समझे कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकते तथा नागरिकों को परेशान नहीं कर सकते।'

# श्रीलंका ने 41 भारतीय मछुआरों को किया रिहा, स्वदेश लौटे

चेन्नई , (आरएनएस)। श्रीलंका ने 41 भारतीय मछुआरे को किया रिहा कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि तमिलनाडु के 41 मछुआरे चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका की नौसेना ने इन मछुआरों को 8 सितंबर, 2024 को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा रिहा किए जाने के बाद मछुआरे मंगलवार देर रात चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचे। तमिलनाडु तटीय पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 41 मछुआरों में से 35 रामनाथपुरम के निवासी हैं, जबकि अन्य नागपट्टिनम और पुदुकोट्टई जिलों के रहने वाले हैं। स्वदेश लौटने पर मछुआरों को नागरिकता सत्यापन, सीमा शुल्क जांच और अन्य औपचारिकताओं से गुजरना पड़ा।तमिलनाडु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मछुआरों का स्वागत किया और अलग-अलग वाहनों में उनके गृहनगरों तक परिवहन की व्यवस्था की। इससे पहले श्रीलंका ने तमिलनाडु के 15 मछुआरों के एक समूह को रिहा किया था, जो 16 जनवरी को चेन्नई पहुंचे थे।भारतीय मछुआरों की बार-बार गिरफ्तारी एक बड़ा मुद्दा बन गया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में भारत यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्टपति अनुरा दिसानायके के साथ चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठाया था।

# देश के कई हिस्सों में फिर लौटेगी ठंड, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी; 6 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड एक बार फिर दस्तक देने वाली है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी और बारिश: मौसम विभाग के अनुसार, 23 जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में कई जगहों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 22 जनवरी को राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, 22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में बुधवार और गुरुवार



को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि, इसके बाद 27 जनवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार, हंसा और काजा में क्रमश: 2.5 सेमी और 0.8 सेमी बर्फबारी दर्ज की गई है। दिल्ली-एनसीआर में ठंड और कोहरा: दिल्ली-एनसीआर में 23 जनवरी के बाद ठंड बढ़ने का अनुमान है। 24 जनवरी को सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर कोहरा छाने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। कुछ स्थानों पर घना कोहरा भी छा सकता है। यहां अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। हरियाणा और पंजाब में तापमान सामान्य से अधिक: हरियाणा और पंजाब के ज्यादातर हिस्सों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक था। हिसार, करनाल, रोहतक, नारनौल, फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा।

# सिद्धू मूसेवाला की तरह गैंगस्टर गटारू की हुई हत्या, बदमाशों ने बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां

जम्मू(आरएनएस)। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की तरह जम्मू में भी बदमाशों ने एक थार में बैठे गैंगस्टर गटारू पर गोलियां बरसाई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।तीन हमलावरों ने लाल रंग की थार गाड़ी में सवार गैंगस्टर सुमित जंडियाल उर्फ गटारू को नजदीक से चार गोलियां मारीं। तीन गोलियां गटारू को लगीं। इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद तीनों हमलावर एक स्कूटी सवार को धक्का माकर उसकी स्कूटी छीनकर फरार हो गए। गटारू हत्याकांड को प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की तरह ही अंजाम दिया गया है। वारदात के समय गटारू अकेले ही थार में सवार था। उसके पास भी पिस्तौल थी, लेकिन उसे वह निकाल नहीं पाया। वहीं, इस हत्याकांड के दो घंटे के भीतर ही इंटरनेट मीडिया के इंस्टाग्राम पर खौफ गैंग ने पोस्ट कर इस वारदात की जिम्मेदारी भी ले ली।

# दिल्ली चुनाव : बीजेपी का मेगा प्रचार प्लान तैयार, अगले 10 दिन में पीएम मोदी समेत कई दिग्गज नेता करेंगे धुआंधार रैली

नई दिल्ली (आरएनएस)। आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपना मेगा प्रचार प्लान तैयार कर लिया है। अगले दस दिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के तमाम दिग्गज नेता रैलियां और जनसभाएं करेंगे।


दिल्ली विधानसभा चुनाव होने में अब 15 दिन से भी कम का समय बचा है। ऐसे में भाजपा दिल्ली चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक देना चाहती है। पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मेगा प्रचार प्लान बनाया है। अगले दस दिनों के दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा समेत सभी वरिष्ठ नेता दिल्ली में जन सभाएं और रैलियां करेंगे।

जानकारी के मुताबिक भाजपा चुनाव प्रचार में केंद्रीय मंत्रियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बड़े मंत्रियों को दो-दो विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद तीन रैलियां करेंगे। वहीं, अमित शाह और जेपी नड्डा 18 से अधिक रैलियां करेंगे। पूरे 70 विधानसभा सीटों को कवर करने के लिए कार्यक्रम को खास तरह से बनाया गया है।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 14 जनसभाएं करेंगे, भाजपा शासित और भी कई मुख्यमंत्रियों को इस लिस्ट में जोड़ा गया है। चुनाव प्रचार में केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, पीयूष गोयल, मनसुख मांडविया, गजेंद्र सिंह शेखावत भी प्रचार करते दिखेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिवों विनोद तावड़े, सुनील बंसल, तरुण चुघ और अरुण सिंह की भी तैनाती हुई है। पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ नेता भी दिल्ली में मौजूद रहेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, संजीव बालियान, राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर, राजस्थान बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया भी प्रचारकों की फेहरिस्त में शामिल हैं।

# मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में : नितिन गडकरी

पणजी (आरएनएस)। गोवा पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सार्वजनिक मंच से बताया कि उनकी असल रुचि किस चीज में है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने ये भी बताया कि जिस विषय में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है उसके प्रति वो जुनूनी हैं।



उन्होंने ये बातें गोवा में फैशन डिजाइनर रितू बेरी के फंक्शन में अपने संबोधन के दौरान कही।

गडकरी ने कहा, जहां एक तरफ दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में आबादी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ सुकून की तलाश के लिए लोग बड़ी संख्या में गोवा का रुख कर रहे हैं, लेकिन अब यहां पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है।

इसके बाद उन्होंने अपनी रुचि पर बात की। बोले, गोवा में बुनियादी ढांचे का विकास मेरे जिम्मे है, और मैं इस काम के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं। हालांकि, मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में है। मुझे 11 डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है और उनमें से 6 उपाधियां कृषि और जल संरक्षण से संबंधित हैं। यह मेरे लिए एक जुनून है।गोवा की खूबसूरती और विकास की उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे गोवा के इस विकास कार्य के बारे में सुनकर खुशी होती है, विशेषकर उन परियोजनाओं के बारे में जो हस्तशिल्प और हथकरघा से जुड़ी हुई हैं। गोवा पर्यटन के लिहाज से एक बेहद आकर्षक स्थान है, और इसकी खूबसूरत प्रकृति की वजह से यहां दुनियाभर के लोग आते हैं।फिर केंद्रीय मंत्री ने अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया। बोले, मैं वर्तमान में जोहरी ब्रिज पर एक दर्शक दीर्घा बना रहा हूं, जहां से आप गोवा के सुंदर दृश्य देख सकते हैं। इस परियोजना का उद्देश्य गोवा की खूबसूरती को और भी लोगों तक पहुंचाना है। हालांकि, गोवा में बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या से समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं, जैसा कि दिल्ली और मुंबई में भी देखा जा सकता है। फिर भी, गोवा की सुंदरता और यहां के प्राकृतिक संसाधन इसे एक आदर्श स्थान बनाते हैं।

# पानी की बोतल से लेकर कार की चाबी तक रिपब्लिक डे परेड में चीजें रहेंगी वर्जित

नई दिल्ली , (आरएनएस)। 26 जनवरी को भारत अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। कर्तव्य पथ पर भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन होगा। इस बार गणतंत्र दिवस की थीम स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास है। परेड सुबह 10:30 बजे शुरू होगी। यदि आप भी इस परेड को देखने की योजना बना रहे हैं, तो दिल्ली पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार, कुछ वस्तुओं को साथ ले जाने की अनुमति नहीं है।

## परेड में क्या नहीं ले जा सकते

दिल्ली पुलिस ने गणतंत्र दिवस परेड के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कुछ वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। इन प्रतिबंधित वस्तुओं में किसी भी प्रकार का खाद्य पदार्थ या पेय पदार्थ, थैला, ब्रीफकेस और बड़े बैग जैसे सभी प्रकार के बैग और थैले शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेपरिकॉर्डर, पेजर, कैमरा, दूरबीन, हैंडीकैम, डिजिटल डायरीज, पाम-टॉप कंप्यूटर, आईपैड, आईपॉड, टैबलेट, पैनड्राइव, लेजर लाइट्स, पावर बैंक, मोबाइल चार्जर और ईयरफोन आदि ले जाने की अनुमति नहीं है। पानी की बोतलें, थर्मस, कैन, छाता, इत्र, स्प्रे और शराब जैसे तरल पदार्थों को भी प्रतिबंधित किया गया है।खिलौने, विशेषकर



खिलौना पिस्तौल, और ज्वलनशील पदार्थ जैसे माचिस और पटाखे भी परेड स्थल पर नहीं ले जा सकते। किसी भी प्रकार के हथियार, नुकीली वस्तुएं जैसे तलवार, पेंचकस, चाकू, कैंची, रेजर, ब्लेड और तार, साथ ही गोला बारूद भी प्रतिबंधित हैं। सिगरेट, बीड़ी, लाइटर और रिमोट नियंत्रित कार लॉक चाबियां जैसी अन्य वस्तुओं को भी परेड के दौरान साथ ले जाने की अनुमति नहीं है।

## मुख्य अतिथि

इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो होंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## टिकट बुकिंग

गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टिकट बुक किए जा सकते हैं। ऑनलाइन: आप रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक पोर्टल https:// aamantran.mod. gov. in/login पर जाकर या 'आमंत्रण' मोबाइल ऐप डाउनलोड करके टिकट बुक कर सकते हैं। टिकटों की कीमतें बैठने की व्यवस्था के अनुसार 20, 100 और 500 तक हैं।

ऑफलाइन: दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर रक्षा मंत्रालय द्वारा काउंटर स्थापित किए गए हैं। ये काउंटर सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक खुले रहते हैं। इसलिए, परेड में जाने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आपके पास वर्जित वस्तुओं में से कोई भी न हो ताकि आपको किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# अनिल देशमुख ने सीएम फडणवीस को लिखा पत्र, लाडली बहनों को 2100 रुपये देने का किया आग्रह

मुंबई ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री और एनसीपी के वरिष्ठ नेता अनिल देशमुख ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने महायुति सरकार से लाडली बहनों को 2100 रुपये देने का आग्रह किया है।अनिल देशमुख ने पत्र में लिखा है राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में महायुति ने बहनों को 2100 रुपये देने का वादा किया था, चुनाव को दो महीने बीत चुके हैं, ऐसे में अब सरकार अपनी प्यारी बहनों को भूल गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके पारिश्रमिक में वृद्धि के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। महायुति सरकार को हमारी बहनों से किए गए वादे तुरंत पूरे करने चाहिए। जानकारी मिली है कि सरकार जांच के नाम पर बड़ी संख्या में बहनों के आवेदन खारिज करने वाली है। अगर ऐसा हुआ तो हम राज्य में बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। महाराष्ट्र सरकार द्वारा जुलाई 2024 में मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना शुरू की गई थी। बहनों को जुलाई से दिसंबर तक 6 माह की राशि दी गई है। प्रदेश की लाड़ली बहनों को अब तक छह किश्तों में 9 हजार रुपये मिल चुके हैं। इस योजना की वजह से राज्य सरकार को विधानसभा चुनाव में सफलता मिली थी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति ने लाडली बहन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता देने का वादा किया था। चुनावी घोषणा पत्र में यह वादा किया गया था कि राज्य की गरीब महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये दिए जाएंगे।



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली के गोविंदपुरी एक्सटेंशन में आयोजित भंडारे में हिस्सा लिया.

# वेस्टर्न आउटफिट में छाया प्रज्ञा जैसवाल का बोल्ड अवतार, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स हुए बेकाबू



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने फैशन च्वॉइस को लेकर फैंस के बीच चर्चाओं में रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अंदाज सोशल मीडिया पर पोस्ट होती ही इंटरनेट का तापमान बढ़ा देता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही सेक्सी अंदाज में फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

अपनी फिटनेस और कातिल अदाओं से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचने वाली एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल इन दिनों अपनी हॉटनेस से फैंस को दीवाना बना रही हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाता रहता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं प्रज्ञा जैसवाल ने सेटिन लुक में रिवीलिंग ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट लग रही हैं।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनके इस लुक को देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

## परेश रावल की नई फिल्म द स्टोरी टेलर का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता परेश रावल पिछली बार फिल्म जो तेरा है वो मेरा है में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की जमकर तारीफ हुई। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर देख सकते हैं।

अब परेश की नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम द स्टोरी टेलर है, जिसके निर्देशन की कमान अनंत नारायण महादेवगन ने संभाली है।

यह परेश और अनंत के बीच पहला सहयोग है।

द स्टोरी टेलर की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी का रुख करेगी।

फिल्म का प्रीमियर 28 जनवरी, 2025 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने जा रहा है। द स्टोरी टेलर का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें परेश समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है।

इस फिल्म में परेश के अलावा आदिल हुसैन, तनिष्ठा चटर्जी और अनिंदिता बोस जैसे सितारे भी नजर आएंगे।


# वेस्टर्न आउटफिट में छाया प्रज्ञा जैसवाल का बोल्ड अवतार, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स हुए बेकाबू





***बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने फैशन च्वॉइस को लेकर फैंस के बीच चर्चाओं में रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अंदाज सोशल मीडिया पर पोस्ट होती ही इंटरनेट का तापमान बढ़ा देता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही सेक्सी अंदाज में फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।***

अपनी फिटनेस और कातिल अदाओं से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचने वाली एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल इन दिनों अपनी हॉटनेस से फैंस को दीवाना बना रही हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाता रहता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं प्रज्ञा जैसवाल ने सेटिन लुक में रिवीलिंग ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट लग रही हैं।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनके इस लुक को देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।


# दिलजीत दोसांझ ने पंजाब 95 से दिखाई अपनी शानदार झलकियां, दर्द में नजर आए अभिनेता

पिछले कुछ समय से दिलजीत दोसांझ लगातार चर्चा में हैं। उनके लाइव कार्यक्रम दुनियाभर में चर्चा का विषय बन रहे हैं। पिछले दिनों वह तब सुर्खियों में रहे, जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की, जिसकी कई तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए।

फिलहाल दिलजीत अपनी आने वाली फिल्म पंजाब 95 को लेकर चर्चा में हैं, जिसकी पहली झलक उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ साझा की है।

लोगों ने उनका लुक देखकर क्या कहा, आइए जानते हैं।

दिलजीत ने जो पोस्टर इंस्टाग्राम पर साझा किया है, उसमें वह खून से सने हुए नजर आ रहे हैं। उनके माथे पर चोट लगी हुई है। मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के रूप में नजर आए दिलजीत को जिसने भी देखा, उसकी निगाहें उन पर टिक गईं। पोस्टर साझा करते हुए दिलजीत ने लिखा, मैं अंधेरे को चुनौती देता हूं। बता दें कि हनी त्रेहान के निर्देशन में बनी इस फिल्म के निर्माता रॉनी स्क्रूवाला हैं। दिलजीत ने फिल्म से अपनी 2 तस्वीरें साझा



की हैं। पहली तस्वीर में वह एक कोने में बैठे हुए हैं। उनके कपड़े धूल मिट्टी से सने हैं और शरीर पर वह एक कंबल लपेटे हुए हैं वहीं, दूसरी तस्वीर में उन्होंने अपने चेहरे को करीब से दिखाया है। तीसरी तस्वीरें में दिलजीत दो बच्चों के साथ नजर आ रहे हैं। दिलजीत ने इंस्टा स्टोरी पर यह भी बताया कि उनकी ये फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। एक यूजर ने लिखा, ऐसे महान किरदार सिर्फ और सिर्फ दिलजीत ही कर सकते हैं और उन्होंने ही किए हैं। एक लिखते हैं, खालरा साहब को सलाम। एक लिखते हैं, आप अपना किरदार बड़ी शिद्दत से जीते हैं। तुस्सी फिर छा गए दिलजीत पाजी।

एक ने लिखा, पंजाब ने क्या कुछ सहा है और खालरा जी का क्या योगदान रहा, वो अब दुनिया के सामने आएगा।


कुछ के मुताबिक, यह फिल्म पंजाबी सिनेमा के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा की जिंदगी पर बनी दिलजीत की इस फिल्म में अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। पहले इस फिल्म को घल्लूघारा कहा जा रहा था, लेकिन बाद में निर्माताओं ने इसे नया नाम पंजाब 95 दिया। यह फिल्म सेंसर बोर्ड के साथ भिड़ंत को लेकर भी खूब विवादों में रही।

## डाकू महाराज के हिंदी वर्जन की रिलीज डेट आउट, अक्षय कुमार की स्काई फोर्स टकराएगी नंदमुरी बालकृष्ण फिल्म

अक्षय कुमार की स्काई फोर्स के लिए 24 जनवरी का दिन तय हुआ. देशभक्ति की फिल्म और 26 जनवरी का मौका. इससे बेहतर और क्या हो सकता था. इस दिन हिंदी में कोई फिल्म रिलीज भी नहीं हो रही थी. अक्षय कुमार फिल्म का जोर-शोर से प्रचार कर रहे थे, लेकिन ये क्या अब अक्षय कुमार की स्काई फोर्स की कमाई लूटने के लिए साउथ का डाकू महाराज 24 जनवरी के दिन हिंदी में दस्तक देने आ रहा है. डाकू महाराज उसी प्रोड्यूसर की फिल्म है जिसने कहा था कि पुष्पा 2 के बॉक्स ऑफिस पर 80 करोड़ पार करने के बाद मुंबई में कई लोग सोए नहीं थे. टॉलीवुड के ये प्रोड्यूसर नागा वामसी हैं.अक्षय कुमार की स्काई फोर्स 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित फिल्म है जिसमें भारत की तरफ से पहली एयरस्ट्राइक की गई थी।

## छावा से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक आउट, महारानी येशूभाई बन छाई साउथ हसीना




विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर पीरियड ड्रामा फिल्म छावा की रिलीज डेट नजदीक आ रही है. बीते दिन फिल्म छावा से विक्की कौशल के फिल्म से तरह तरह के लुक का एक मोशन पोस्टर शेयर किया गया था. फिल्म छावा से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक सामने आया है. छावा के मेकर्स मडोक फिल्म्स ने आज रश्मिका मंदाना के अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फर्स्ट लुके पोस्टर शेयर किए हैं. मडोक फिल्म्स ने दो पोस्टर्स शेयर किए हैं, जिसमें रश्मिका येसूबाई भोसले के रोल में दिख रही हैं.

रश्मिका मंदाना फिल्म छावा में छत्रपती संभाजी महाराज के पत्नी के रोल में होंगी, यह रोल विक्की कौशल निभा रहे हैं. वहीं, येसूबाई भोसले में रश्मिका के लुक की बात करें तो वह पूरे श्रृंगार के साथ इसमें दिख रही हैं. पहले तस्वीर में रश्मिका मंदाना मराठी रीति-रिवाज में पहनी जाने वाली साड़ी और हार-श्रृंगार में मुस्कुराती हुई दिख रही हैं. दूसरी तस्वीर में रश्मिका को इंटेंस लुक में देखा जा रहा है. फिल्म से रश्मिका के पोस्टर्स शेयर कर मेकर्स ने लिखा है, हर महान राजा के पीछे, एक शक्तिशाली रानी की मजबूती होती है, पेश है महारानी येशूभाई के रोल में रश्मिका मंदाना, स्वराज्य का गर्व.

## मडे टेस्ट में इमरजेंसी और आजाद फेल, फतेह-गेम चेंजर का भी बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल

सिनेमाघरों में हाल ही में इमरजेंसी और आजाद ने दस्तक दी है। हालांकि, दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कारोबार नहीं कर सकी हैं। इसके अलावा जनवरी में ही रिलीज हुई गेम चेंजर और फतेह भी दर्शकों के दिलों में कुछ खास जगह नहीं बना सकीं। आइए जानते हैं कि सोमवार को किस फिल्म का कैसा हाल रहा।]कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी इंदिरा गांधी के भारत में लगाए गए आपातकाल पर आधारित है। इस फिल्म का निर्देशन भी कंगना ने खुद ही किया है। फिल्म लंबे समय से अपने विषय की वजह से विवादों में रही। हालांकि, सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद रिलीज हुई यह फिल्म दर्शकों पर कुछ खास असर छोड़ती नहीं दिख रही। सोमवार को इम्तिहान में इमरजेंसी पूरी तरह फेल नजर आई। चौथे दिन इस फिल्म ने एक करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

## पुष्पा 3 में क्या नजर आएंगी आंचल मुंजाल, कहा-रोल कटने पर निराश थी, पर छोटे रोल में मिला बेहतरीन रिस्पांस



5 दिसंबर 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा- द रूल अभी भी चर्चा में बनी हुई है और यह साल 2024 की सबसे ज्यादा अर्निंग करने वाली फिल्म भी बनी हैं. अब फैंस इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं. इस बीच पुष्पा 3 के बारे में भी नई-नई अपडेट सामने आ रही है. वैसे तो पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन रश्मिका मंदाना, फहाद फासिल जैसे कलाकारों ने भूमिका निभाई, लेकिन एक छोटे से किरदार में आंचल मुंजाल भी नजर आई थीं. ऐसे में क्या पुष्पा पार्ट 3 में आंचल मुंजाल की वापसी होगी या नहीं इस पर एक्ट्रेस में खुलासा किया.

आंचल मुंजाल पुष्पा-2 में मालदीव में शूट किया एक हिस्से में नजर आई थीं. अब पुष्पा 3 में उनकी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर आंचल ने कहा मुझे यकीन नहीं है कि पुष्पा 3 के लिए क्या योजना बनाई गई है, लेकिन मैं वास्तव में इसका हिस्सा बनने की उम्मीद करती हूं. फैंस मुझे मैसेज भेज रहे हैं और पूछ रहे हैं कि क्या मेरा किरदार इसमें होगा और सचमुच उम्मीद है कि डायरेक्टर चाहे जो भी निर्णय ले यह एक अद्भुत जर्नी होगी.

आंचल ने पुष्पा 2 में काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में भी बातें शेयर की, उन्होंने कहा कि हमने तीन सींस शूट किए थे, लेकिन इसमें से दो सीन काट दिए गए. जब मैंने यह फिल्म देखी तो मुझे लगा है भगवान मेरा डायलॉग काट दिया गया,

# चक्र फूल सेहत के लिए होता है बेहद फायदेमंद, इससे बनाएं ये स्वादिष्ट भारतीय व्यंजन



चक्र फूल एक अद्वितीय मसाला है जो अपने विशेष स्वाद और सुगंध के लिए जाना जाता है। इसे भारतीय खान-पान में व्यंजनों का स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

हालांकि, इस मसाले से भी कई विशेष व्यंजन बनाए जा सकते हैं। इस लेख में हम आपको चक्र फूल से बनने वाले अनोखे भारतीय व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें बनाना आसान होता है। इन व्यंजनों का स्वाद भी बेहद लाजवाब होता है।

### चक्र फूल वाली बिरयानी

चक्र फूल वाली बिरयानी एक खास तरह की बिरयानी है, जो आपके मेहमानों को बेहद पसंद आएगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले चावल को धोकर भिगो लें।

अब घी में प्याज, अदरक-लहसुन का पेस्ट और टमाटर भूनें। इसमें दही, मिर्च पाउडर और नमक डालें। अब इसमें भिगोए हुए चावल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। ऊपर से चक्र फूल डालें और धीमी आंच पर पकने दें।

जब चावल पूरी तरह पक जाएं, तो इसे हरे धनिये से सजाकर परोसें।

### चक्र फूल वाली खीर

खीर तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी चक्र फूल वाली खीर बनाई है? इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले दूध को उबालें और उसमें चावल डालकर धीमी आंच पर पकाएं।

जब चावल अच्छे से गल जाएं, तो उसमें चीनी मिलाएं और इलायची पाउडर और चक्र फूल डालें। थोड़ी देर बाद इसमें काजू और बादाम डालकर गैस बंद कर दें।

इसेकुछ देर ठंडा होने दें और परोसें।

### चक्र फूल वाला पुलाव

सब्जी वाला पुलाव एक आम व्यंजन होता है, लेकिन अगर आप इसमें चक्र फूल का तड़का लगाते हैं तो इसका स्वाद बिल्कुल बदल सकता है।

इसके लिए सबसे पहले बासमती चावल को धोकर रख लें। अब घी गर्म करके उसमें जीरा, लौंग और चक्र फूल डालें।

इसके बाद इसमें प्याज, गाजर और मटर आदि जैसी सब्जियां डालकर भूनें। अब इसमें धुले हुए चावल मिलाकर पानी डालें और ढक कर पकने दें।


### चक्र फूल वाले लड्डू

लड्डू हर त्योहार की शान होते हैं, लेकिन अगर आप इन्हे थोड़ा अलग बनाना चाहते हैं तो चक्र फूल का इस्तेमाल करे। बेसन या सूजी के लड्डू बनाने के लिए घी गर्म करके उसमें बेसन या सूजी भूने।

आप लड्डू में चीनी की जगह गुड़ या शहद मिला सकते हैं। अंत मे चक्र फूल का पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं।

## वर्कआउट के तुरंत बाद पीना चाहिए या नहीं? जानिए जिम से पहले कितनी मात्रा में पानी सही

फिट रहने के लिए ज्यादातर लोग रोजाना नियमित वर्कआउट करना पसंद करते हैं. वर्कआउट करना कई लोगों के लिए जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है. वर्कआउट करने के बाद हमें खूब पसीना आता है. साथ ही गला भी सूखने लगता है. इस वजह से, कई लोग खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए वर्कआउट के तुरंत बाद ठंडा या सादा पानी पीते हैं. लेकिन, सवाल उठता है कि क्या वर्कआउट के तुरंत बाद पानी पीना अच्छा है? वर्कआउट के बाद ठंडा पानी सही है या गलत?



विशेषज्ञों के मुताबिक वर्कआउट के बाद खुद को हाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी है. ऐसा इसलिए है क्योंकि वर्कआउट के कारण निकलने वाला पसीना हमारे शरीर में तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी कर देता है. इसके चलते पानी पीना जरूरी है. हालांकि, वर्कआउट के तुरंत बाद ठंडा पानी पीना हानिकारक हो सकता है. क्योंकि वर्कआउट करने से शरीर का तापमान बढ़ जाता है. ऐसे में ठंडा पानी पीने से सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है.

वर्कआउट के बाद ठंडा पानी पीने के नुकसान- वर्कआउट के तुरंत बाद ठंडा पानी पीने से शरीर का तापमान कम हो सकता है. इससे आपको सर्दी लगने की बहुत अधिक संभावना है. ठंडा पानी पीने से वजन बढ़ सकता है. इसलिए विशेषज्ञ वर्कआउट के बाद सामान्य पानी पीने की सलाह देते हैं. इससे न सिर्फ वजन कम होता है, बल्कि अन्य संभावित खतरे भी दूर होते हैं. वर्कआउट के तुरंत बाद पानी पीने से हृदय गति पर भी असर पड़ता है. क्योंकि वर्कआउट करने से ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है. इसी तरह ठंडा पानी पीने से हृदय गति और रक्त संचार कम हो जाता है.

### वर्कआउट से पहले कितना और कितना पानी पिएं-

रिपोर्ट के मुताबिक, वर्कआउट शुरू करने से दो घंटे पहले 2 से 3 कप पानी पिएं. इसके अलावा, वर्कआउट के 20 मिनट बाद 7 से 10 औंस पानी पिएं. 30 मिनट बाद एक जगह आराम से बैठ जाएं और आधा लीटर पानी पी लें. एक बार में बहुत अधिक पानी पीने की जल्दबाजी न करें.

# कैलीफोर्निया : जंगल की आग के बीच प्रदूषित हवा की चुनौती, प्रशासन की सलाह - घर से बाहर निकलने से बचें



कैलिफोर्निया ,(आरएनएस)। यूएस नेशनल वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) ने जंगल में लगी आग और खराब वायु गुणवत्ता की वजह से कैलिफोर्निया के लोगों को घरों से बाहर नहीं जाने की सलाह दी गई है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एनडब्ल्यूएस ने साउथ कोस्ट एयर बेसिन, कोचेला वैली और पूर्वी रिवरसाइड काउंटी में हवा की गुणवत्ता को लेकर कई चेतावनियां जारी की हैं।

सोमवार से लॉस एंजिल्स और वेंचुरा काउंटियों के कुछ हिस्सों में तेज सांता एना हवा चलने की संभावना जताई जो आग को भड़का सकती हैं।

एनडब्ल्यूएस के अनुसार, लॉस एंजिल्स और वेंचुरा काउंटियों के कुछ हिस्सों में रातभर तेज और सांता एना हवाएं चलने की संभावना है।

साउथ कोस्ट एयर क्वालिटी मैनेजमेंट डिस्ट्रिक्ट ने मंगलवार शाम तक तेज़ सांता एना हवाओं के कारण हवा में उड़ने वाली धूल और राख को लेकर भी चेतावनी जारी की।

एनडब्ल्यूएस ने ज्यादातर क्षेत्र के लिए रेड फ्लैग चेतावनियां, तेज़ हवा की चेतावनी और हवा से संबंधित सलाह जारी की है।

पिछले हफ्ते, दक्षिणी कैलिफोर्निया में भीषण जंगल की आग में 27 लोगों की मौत हो गई है। आग एक हफ्ते से ज्यादा समय तक चली। इस दौरान कम से कम 12,300 इमारतें नष्ट हो गईं।

पालिसैड्स फायर, लॉस एंजिल्स क्षेत्र की सबसे बड़ी सक्रिय जंगल की आग है। इस आग ने 23,713 एकड़ (95.96 वर्ग किमी) क्षेत्र को जलाकर राख कर दिया है। 7 जनवरी को लगी इस आग पर अब तक 31 प्रतिशत काबू पाया जा चुका है, जबकि गुरुवार की शुरुआत में यह 22 प्रतिशत था।

कैलिफोर्निया के वानिकी और अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) ने शुक्रवार सुबह एक अपडेट में बताया, रात भर और आज सुबह तापमान ठंडा था। हल्की हवाएं चल रही थीं और हवा में अच्छी आर्द्रता थी। उन्होंने कहा, कर्मचारी आग के फैलाव को कम करने, आम जनता और घटनास्थल पर मौजूद लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं।

एक और बड़ी सक्रिय आग, ईटन फायर पर शुक्रवार सुबह तक 65 प्रतिशत काबू पा लिया गया था। एक दिन पहले यह 55 प्रतिशत था। इस घातक आग ने अल्टाडेना और पासाडेना के पास 14,117 एकड़ (57.1 वर्ग किमी) क्षेत्र को जला दिया है।

कैल फायर ने कहा कि अग्निशामक अब दुर्गम इलाकों में आग को रोकने का काम कर रहे हैं।

## इस देश के पीएम ने मोदी को कहा दुनिया का बॉस , उनके फॉर्मूले को अपनाने पर दिया जोर

फिजी(आरएनएस)। फिजी गणराज्य के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का 'बॉस' करार दिया। फिजी में राज्यसभा सांसद और इंडियन माइनॉरिटी फेडरेशन (आईएमएफ) के कन्वीनर सतनाम सिंह संधू और आईएमएफ के संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद के साथ बैठक में राबुका ने कहा कि पीएम मोदी दुनिया के 'बॉस' हैं।

फिजी के प्रधानमंत्री ने सभी का विकास और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र की प्रशंसा करते हुए कहा, मेरा मानना है कि सबका साथ सबका विकास एक बेहतरीन शासन मॉडल है जिसका प्रधानमंत्री मोदी पालन कर रहे हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी एक साथ आगे बढ़ें और समृद्ध हों। मेरी राय में, दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए इसे वैश्विक स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। फिजी के प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि, मेरे मित्र (पीएम मोदी) हमारी मुलाकात (2023 में) के बाद फिर से (पीएम के रूप में) चुने गए हैं, इसलिए मैं यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि उन्हें यह संदेश मिले कि फिजी अभी भी यहां है। हम अभी भी शांति की अपनी यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर वे लंबे समय से चल रहे हैं। हमारी प्रगति और विकास में एकता के विचार सभी विश्व नेताओं के लिए महान आदर्श हैं।

## मस्क का पुतला लटकाया, अरबपति बिजनेसमैन पर लग रहे 'नाजी सैल्यूट' करने के आरोप

वाशिंगटन,(आरएनएस)। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाषण के दौरान अरबपति टेक दिग्गज एलन मस्क के हाथ के इशारे की



व्यापक आलोचना हुई। आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने नाजी सैल्यूट किया। इतालवी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मंगलवार को मिलान के पियाजेल लोरेटो में मस्क का पुतला उल्टा लटका दिया। यह वह कुख्यात स्थल है जहां 1945 में फासीवादी तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी के शरीर के बर्बरता की गई और उसके शव को अन्य लोगों के साथ उलटा दिया गया।

हालांकि मस्क ने इन प्रतिक्रियाओं को खारिज करते हुए कहा, सच कहूं तो उन्हें बेहतर 'गंदी चालों' की ज़रूरत है। 'हर कोई हिटलर है' का हमला बहुत थका देने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक छात्र समूह कैम्बियारे रोट्टा (पाठ्यक्रम बदलें) ने इस प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली। लटकते हुए पुतले की तस्वीरें साझा कीं जिसे कचरे से भरे बोरे से बनाया गया था और जिस पर मस्क के चेहरे का प्रिंटआउट चिपका हुआ था। पियाजेल लोरेटो में हमेशा जगह होती है, एलनज ग्रुप ने मस्क और बदनाम फासीवादी नेता के बीच समानताएं बताते हुए लिखा। नाजी सैल्यूट, जिसे 'हेल हिटलर सैल्यूट' के नाम से भी जाना जाता है, नाजी जर्मनी में आधिकारिक अभिवादन के रूप में प्रयोग की जाती थी। इसमें दाहिने हाथ को कंधे से हवा में उठाकर सलामी दी जाती है. जिसमें हथेली नीचे की ओर होती है।

## ट्रंप इफेक्ट ! अमेरिका में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरु, चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

ढाका,(आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनने के बाद से स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सोमवार को अवैध अप्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी। इसी सिलसिले में अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने न्यूयॉर्क में चार बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया।

बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक प्रोथोम एलो ने बुधवार को बताया कि चारों बांग्लादेशियों को न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन बरो के फुल्टन इलाके से आईसीई ने गिरफ्तार किया।

रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप के शपथ लेने और आव्रजन से संबंधित कार्यकारी आदेशों की एक श्रृंखला पारित करने के बाद से अवैध अप्रवासी डर में जी रहे हैं।

अखबार ने बताया कि यह देखा गया है कि बंगाली बहुल इलाकों में सड़कें और रेस्तरां, जहां पहले लोगों की बड़ी भीड़ हुआ करती थी, अब लगभग पूरी तरह से खाली हैं। सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही मजबूत कर दी गई है।

रिपोर्ट में न्यूयॉर्क में अप्रवासियों के साथ काम करने वाली कानून प्रवर्तन अधिकारी खदीजा मुंतहा रुबा के हवाले से कहा गया कि बिना दस्तावेज वाले बांग्लादेशियों को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे इलाके में घूम रहे थे।

## तुर्की के होटल में आधी रात को चल रही पार्टी के दौरान लगी आग 76 की मौत



अंकारा(ए)। तुर्की में स्की रिसॉर्ट होटल में लगी आग में कम से कम 76 लोगों की मौत हो गई और 51 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बोलू प्रांत के कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में स्थित एक होटल में आधी रात के बाद आग लग गई। इमारत में एक मंजिल पर रेस्त्रां चलता है। आग रेस्तरां में लगी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया, कई लोग घबराहट में होटल की इमारत से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

कार्तलकाया रिसॉर्ट तुर्की के प्रमुख शीतकालीन पर्यटन स्थलों में से एक है, जो स्की सीजन में हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह होटल 1978 से तुर्की के स्कीयर के लिए एक प्रमुख केंद्र रहा है। बोलू शहर, अंकारा और इस्तांबुल के बीच स्थित एक प्रमुख शहर है, और यह क्षेत्र स्की पर्यटन के लिए जाना जाता है। कोरोग्लू पर्वत की चोटी पर स्थित, बोलू शहर के केंद्र से 38 किमी दूर, अंकारा और इस्तांबुल से 180 किमी दूर, स्की एंड माउंटेन होटल 60,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। बोलू प्रांत के गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन आग की लपटों ने बहुत तेजी से होटल को अपनी चपेट में ले लिया।आग लगने की सूचना मिलने पर अग्निशमन दल, खोज एवं बचाव इकाइयां तथा चिकित्सा दल शहर मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और बचाव टीमों ने मिलकर लगभग 230 लोगों को सुरक्षित निकाला।

## हमास को खत्म नहीं कर पाने से नाराज इजरायली सेना प्रमुख ने दिया इस्तीफा

तेलअवीव,(ए)। इजरायल और हमास के बीच बीच रविवार को युद्ध खत्म हो गया। लंबे समय तक चली जंग का में इजरायल को वो संकल्प अधूरा रह गया जिसमें



कहा गया था कि हमास का नामो निशान ही मिटाकर दम लेंगे। यह संकल्प पूरा नहीं हो पाने नाराज इजरायली कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हेरजी हालेवी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह युद्धविराम को लेकर दुखी थे। उनका कहना है कि हमास को पूरी तरह खत्म करने का संकल्प पूरी नहीं हो पाया है। वहीं हमास के हमले को रोका नहीं जा सका। बता दें कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी कई बार दोहरा चुके थे कि जब तक हमास का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाएगा तब तक यह युद्ध नहीं रुकेगा। हालांकि रविवार को गाजा में युद्धविराम हो गया है। इसके बाद इजरायल और हमास दोनों ने ही बंधकों को रिहा किया है। इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम की डील के तहत पहले चरण में तीन महिला बंधकों को हमास ने रिहा किया है। इसके बदले में इजरायल ने 90 महिला बंधको को रिहा किया है। फिलहाल हमास से 33 बंधकों को छोड़ने की डील हुई है। 6 सप्ताह के अंदर इतने बंधकों को छोड़ा जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण की डील होगी।

## ट्रंप के शपथग्रहण समारोह आतंकी गुरपतवंत पन्नू की एंट्री, लगाए खालिस्तान जिंदाबाद के नारे

न्यूयॉर्क(आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ले ली है। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में दुनियाभर से कई बड़े नेता व दिग्गज आदि शामिल हुए। वहीं, इस समारोह में भारत का मोस्ट वांटेड खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू भी नजर आए।गुरपतवंत सिंह पन्नू की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। वीडियो में शपथ ग्रहण के दौरान पन्नू खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए नजर आ रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रंप अपनी पत्नी मेलानिया के साथ मंच पर मौजूद हैं। उनके मंच के पास ही खालिस्तानी आतंकी दिख रहा है। वीडियो में जनता USA, USA के नारे लगा रही है, तभी पन्नू खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाना शुरू कर देता है। मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आया कि पन्नू को शपथ ग्रहण के लिए इनवाइट नहीं किया गया था, बल्कि वो टिकट खरीद कर इसमें शामिल हुआ था।

# खेल समाचार

## घरेलू मुकाबले में हमें युवाओं को तैयार करने में मदद मिलेगीः रोहित राजपाल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल के अनुसार, भविष्य के डेविस कप सितारों को तैयार करने के लिए घरेलू मुकाबले से बेहतर कुछ नहीं है और टोगो के खिलाफ आगामी मुकाबला ऐसा करने का एक अच्छा अवसर है।

डेविस कप, जो 1-2 फरवरी को खेला जाएगा, की पांच सदस्यीय टीम में शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन, करण सिंह, एन.श्रीराम बालाजी और ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली शामिल हैं।

भारत के शशिकुमार मुकुंद 368वें नंबर पर इस मुकाबले में सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी होंगे। लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ खेलने के बाद वे टीम में वापसी कर रहे हैं।

कप्तान राजपाल इस बात से खुश हैं कि भारत को 2024 के अपने दोनों मैच घर से बाहर खेलने के बाद घर पर खेलने का मौका मिलेगा। भारत के पिछले पांच मुकाबलों में से चार मुकाबले घर से बाहर खेले गए हैं, जिसमें इस्लामाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक मैच भी शामिल है।

राजपाल, जो डीएलटीए के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, घरेलू परिस्थितियों में खेलना हमेशा फायदेमंद होता है। हमने पिछले दो-तीन सत्रों में बहुत यात्रा की है। अगर सुमित नागल खेलते तो डीएलटीए के धीमे, कठोर कोर्ट आदर्श होते, लेकिन फिर भी, परिस्थितियाँ हमारे अनुकूल होंगी। अगर हमें पहले से पता होता कि सुमित इससे बाहर हो जाएगा, तो शायद घास के कोर्ट का विकल्प चुना जा सकता था।

थॉमस स्टोडजी इस प्रतियोगिता में टोगो के प्रमुख खिलाड़ी होंगे, टोगो ने लातविया, इंडोनेशिया और बेनिन के खिलाफ तीन जीत दर्ज की हैं।

राजपाल ने आगे कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि यह हमारे लिए आसान होगा, लेकिन यह मुकाबला हमें डेविस कप के माहौल में अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को तैयार करने का विकल्प देगा और घर पर खेलते हुए, हम निश्चित रूप से घरेलू लाभ और घरेलू समर्थन का फायदा उठा सकते हैं।

भारतीय डेविस कप टीम 23 जनवरी से डीएलटीए कॉम्प्लेक्स,जो प्रतियोगिता का स्थल है, में होने वाले आगामी विश्व ग्रुप द्ध प्ले-ऑफ मुकाबले के लिए अपनी तैयारी शुरू करेगी।

## स्वीयाटेक ने नवारो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

मेलबर्न,(आरएनएस)। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक बुधवार को 2022 यूएस ओपन जीतने के बाद से रौलां गैरो के बाहर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गईं।

पांच बार की प्रमुख चैंपियन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में 89 मिनट में नंबर 8 एम्मा नवारो को 6-1, 6-2 से आसानी से हराया।

स्वीयाटेक ने 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेला, जहां वह डेनियल कोलिन्स से हार गईं।

स्वीयाटेक ने रैली को नियंत्रित करने और नवारो को कोर्ट के चारों ओर घुमाने के लिए अपने आक्रामक खेल का उपयोग किया। पहला सेट केवल 35 मिनट में जीतने के बाद, स्वीयाटेक को दूसरे सेट की शुरुआत में अधिक लगातार दबाव का सामना करना पड़ा।

नवारो, जो लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने मैच का पहला ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया, जबकि स्वीयाटेक 2-2 पर सर्विस कर रही थीं। हालांकि, स्वीयाटेक ने उस अवसर को मिटा दिया और अगले गेम में वापसी की।कुल मिलाकर, नवारो दूसरे सेट में स्वीयाटेक को उनके तीन सर्विस गेम में ड्यूस करने में सक्षम थीं, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 1 ने दृढ़ निश्चय किया और अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना मैच पूरा किया।फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी नंबर 14 मैडिसन कीज़ से होगा, जिन्होंने मेलबर्न में यूक्रेन की नंबर 28 सीड एलिना स्वितोलिना पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत के साथ अपने सातवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और अपने तीसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

# बीसीसीआई के इस दिशा निर्देश को सही नहीं मानते बटलर



कोलकाता (ए)। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि वह भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) के उस दिशा निर्देशों को सही नहीं मानते जिसमें कहा गया है कि विदेशी दौरे पर खिलाड़ियों का परिवार पूरे समय उनके साथ नहीं रह सकता है। इसके पीछे तर्क दिय गया है कि खिलाड़ी इससे पूरे समय खेल पर ध्यान नहीं दे पाते। वहीं बटलर का कहना है कि लंबे विदेश दौरों पर परिवार का साथ बहुत महत्वपूर्ण होता है और इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ता। बटलर के अलावा कई और दिग्गज भी इस नियम को सही नहीं मानते। वहीं कुछ इसे सही मानते हैं। भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी इस नियम को लेकर आंशका जताई है। बोर्ड के दिशा निर्देश के अनुसार खिलाड़ी तय समय से अधिक परिवार के साथ नहीं बिता सकते। बटलर ने कहा, 'यह काफी भारी सवाल है। यह अहम है। हम आधुनिक जगत में रह रहे हैं और दौरों पर परिवार का साथ रहना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, 'आजकल इतना क्रिकेट खेला जा रहा है कि खिलाड़ी घर से बाहर काफी समय बिताते हैं,ऐसे में तो उन्हें साथ रहने का समय ही नहीं मिलो। कोरोना के बाद इस पर काफी चर्चा भी हुई है। मुझे नहीं लगता कि परिवार के साथ रहने से खेल पर बहुत फर्क पड़ता है। बटलर ने कहा कि परिवार के रहने से पेशेवर प्रतिबद्धताओं में बाधा नहीं आती। मेरा मानना है कि घर से दूर रहने का बोझ परिवार के साथ रहकर हल्का किया जा सकता है।

## एमआई से निकाले गए बल्लेबाज ने आईएलटी20 में मचाया गदर, 5 गेंदों में ठोके 26 रन

### -आईपीएल 2025 में आरसीबी के लिए खेलेगा

नईदिल्ली,(आरएनएस) इस समय दुनियाभर में 3 टी 20 लीग खेली जा रही है. ऑस्ट्रेलिया में बीबीएल, साउथ अफ्रीका में एसएटी20 लीग लीग खेली जा रही है. इस के साथ ही यूएई में इंटरनेशनल टी 20 लीग खेली जा रही है. इस लीग में एमआई के एक पूर्व खिलाड़ी ने धुआंधार बल्लेबाजी की है और सिर्फ 5 गेंद पर 26 रन ठोक तहलका मचा दिया है।

21 जनवरी को आईएलटी20 का 14 वां मैच एमआई अमीरात और अबूधाबी नाइट राइडर्स के बीच खेला गया. इस मैच में अमीरात को 28 रन से जीत मिली. अमीरात की तरफ से पारी के आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड ने तूफानी पारी खेली और सिर्फ 5 गेंद में 26 रन बना दिए. शेफर्ड ने अली खान के ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का, तीसरी और चौथी गेंद पर चौका लगाया. इसके बाद आखिरी 2 गेंदों पर भी इस बल्लेबाज ने 2 छक्के लगाए. कुल 5 गेंदों पर उन्होंने 26 रन बनाए. पहले बैटिंग करते हुए निकोलस पूरन के 49 और रोमारियो शेफर्ड के 13 गेंद में 3 छक्के और 4 चौके की मदद से बनाए नाबाद 38 रन की मदद से 6 विकेट पर 186 रन बनाए. अबूधाबी नाइट राइडर्स 9 विकेट पर 158 रन बना सकी और मैच 28 रन से हार गई. शेफर्ड ने दमदार बल्लेबाजी के बाद 2 विकेट भी झटके और प्लेयर ऑफ द मैच रहे. आईएलटी20 में एमआई अमीरात का हिस्सा रोमारियो शेफर्ड आईपीएल में भी मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे लेकिन आईपीएल 2025 से पहले एमआई ने उन्हें रिलीज कर दिया था।

## ऑस्ट्रेलिया में सर्फिंग करती दिखीं सारा तेंदुलकर



सिडनी (ए)। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर आजकल यहां गोल्ड कोस्ट पर समुद्र की लहरों के बीच सर्फिंग का आनंद ले रही हैं। सारा ने सोशल मीडिया में अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे की तस्वीरें साझा की हैं। सार गोल्ड कोस्ट पर सर्फर्स पैराडाइज का आनंद लेने के लिए अपने दोस्तों सहित यहां पहुंची थीं। इस दौरान नीले रंग की ड्रेस पहनी सारा ने खूब सर्फिंग का आनंद लिया। प्रशंसकों ने भी सारा की तस्वीरों को काफी पसंद किया है। इन तस्वीरों के लिए उन्हें जमकर लाइक मिले हैं। सारा की इन तस्वरों को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी पसंद किया है। वहीं गत दिना सारा को क्वींसलैंड के समुद्र में जेट स्की का आनंद लेते हुए भी देखा गया था।

इसके अलावा पिछले दिनों वह अपनी मां अंजलि तेंदुलकर के साथ एक इवैंट पर पहुंची थी। यहां वह लाल रंग की ड्रेस में सबसे आकर्षण का केन्द्र रहीं। सारा वी-नेक पर सॉफ्ट मिरर, पर्ल और गोटा वर्क से सजी एक शानदार लाल स्लिम-फिट ट्यूनिक में पहुंचीं।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन करना है लक्ष्य : श्रेयस

नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का लक्ष्य अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भी एकदिवसीय विश्व कप 2023 की तरह शानदार बल्लेबाजी करना है। एकदिवसीय विश्व कप 2023 में अय्यर ने 11 पारियों में 530 रन बनाए थे। तब उन्होंने दो अर्धशतकों के के साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में शानदार शतक भी लगाया था।घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के बाद एक बार फिर से राष्ट्रीय टीम में वापसी करने में सफल हुए हैं। अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। वहीं इससे पहले खराब फॉर्म और शॉर्ट बॉल पर विकेट खोने के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था। अब अपने वापसी के बाद श्रेयस आलोचकों को भड़के हैं। उन्होंने कहा , यह बहुत ही परेशान करने वाला होता है जब आपको ऐसे लोग सलाह देते हैं जिन्होंने कभी भी 150 किलोमीटर प्रति घंट तेज गेंद कभी खेली भी नहीं है। उनको अधिकार है कि वे अपनी बात को रखें पर किसी खिलाड़ी को निशाना न बनायें।



## पंड्या को खेलते हुए देखना पसंद है : अकमल

इस्लामाबाद (ए)। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने कहा है ऑलरांउडर हार्दिक पंड्या उनके पसंदीदा खिलाड़ी है। अकमल ने कहा कि उन्हें पंड्या को खेलते हुए देखना पसंद है और वह चाहते हैं कि इस क्रिकेटर को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम ग्यारह में जगह मिलनी चाहिये। हार्दिक एकदिवसीय विश्व विश्व कप 2023 के दौरान हार्दिक भारतीय टीम में शामिल थे पर बीच में ही चोटिल होकर बाहर हो गये थे। कामरान ने कहा कि भारतीय टीम में मुख्य खिलाड़ी पंड्या हैं, उनके बिना अंतिम ग्यारह पूरी नहीं होतीअधूरी है। वह बल्ले और गेंद से अपने प्रदर्शन से प्रभावित करते हैं। वह खेल को समाप्त भी करते हैं। हार्दिक ने भारतीय टीम की ओर से 86 एकदिवसीय मैचों में 34.01 की औसत से 1,769 रन बनाए हैं, जिसमें 92 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर हैं।कामरान के अलावा, भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी हाल ही में कहा था कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पंड्या अहम भूमिका निभा सकते हैं। रैना ने कहा कि ये देखना होगा कि वह कब गेंदबाजी करते हैं और क्या वह कुलदीप यादव के साथ मिलकर गेंदबाजी करते हैं। चैम्पियस ट्रॉफी में रोहित शर्मा टीम के कप्तान होंगे जबकि शुभमन गिल उपकप्तान होंगे।

## एलएसजी तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ उतरेगी : जहीर

नई दिल्ली (ए)। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) टीम के मेंटर जहीर खान ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपरजायंटस के पास बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ ने पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों को खरीदा है। इसमें से तीन को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और डेविड मिलर शुरुआत में उतरेंगे। साथ ही कहा कि तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के होने से टीम का रुख आक्रामक रहेगा। जहीर के अनुसार इतने बांए हाथ के खिलाड़ी रखना टीम की रणनीति भी हो सकती है।एलएसजी ने इस सत्र के लिए ऋषभ को कप्तान बनाया है। 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी करने वाले जहीर ने ऋषभ को देखा है और उनके साथ काम किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज के अनुसार ऋषभ ऐसे व्यक्ति हैं जो पूरी टीम को प्रेरित कर सकते हैं और क्रिकेट का एक ऐसा ब्रांड स्थापित कर सकते हैं जिसे एलएसजी खेलना चाहता है। उन्होंने कहा कि सीजन में उस माहौल को बनाने और किसी भी टीम के लिए सफलता के स्तंभ तैयार करने के लिए कप्तान की भूमिका अहम होती है। जिसमें वह सक्षम हैं।

# श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की वर्षगांठ पर हुए अनेक धार्मिक आयोजन

## भक्ति भाव के साथ श्रीराम मय माहौल से सराबोर हुई नर्मदा नगरी, नर्मदा तट पर हुई महाआरती

नर्मदापुरम (निप्र)। भगवान प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की वर्षगांठ को धूमधाम से मनाए जाने के उपलक्ष्य में नर्मदानगरी में भी विशेष उत्साह का माहौल रहा। हर तरफ धार्मिक माहौल बन गया। नर्मदा तट के सेठानी घाट पर महाआरती हुईं। नर्मदा तट राम नाम की गूंज से सराबोर हो उठा है। रामचरित मानस के पाठ के आयोजन तथा मंदिरों में पूजन पाठ व भगवा रंग के ध्वज और भजन कीर्तन के आयोजन जारी रहे। चारों तरफ राम नाम के बैनर झंडा फूलों के हर गली चौराहे पर प्रभु श्री राम के स्वागत में द्वार सजाए गए रंग.बिरंगे पोस्टर से प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में खुशनुमा माहौल बन गया। शाम को नर्मदा तट पर दीपोत्सव के साथ ही आतिशबाजी की गई। पूरे देश में श्री राम की गूंज हो रही है। पूजन पाठ के साथ ही अनेक धार्मिक कार्यक्रम होते रहे।



### मंदिर में श्रीराममय वातावरण

मंदिरों के शहर नर्मदापुरम में हजारों मंदिरों में सुबह से ही श्रीराम मय वातावरण बन गया। सभी मंदिरों को खूब सजाया गया। मंदिर के सामने हवन पूजन, भजन कीर्तन के साथ ही रामायाण पाठ, सुंदर कांड के पाठ तथा आरती के आयोजन होते रहे। सड़कों गलियों तक में श्रीराम मय वातावरण बन गया।

### हर तरफ जयकारे

इस विशेष अवसर पर शहर के सैंकड़ों स्थानों पर भगवान श्रीराम के दरबार की तस्वीर रखकर जयकारे तथा महाआरती की गई। भजन के आयोजन शुरू हो गए। अनेक स्थानों पर प्रसाद, हलुवा का प्रसाद वितरण हुआ।

### जलाए दीप फोड़े फटाके

दीपावली के समान ही नागरिकों ने शाम होते ही नर्मदा तट और मंदिरों में दीप जलाए तथा शाम होते ही आतिशबाजी की। एक बिटिया को रामजी की मूर्ति के रूप में सजाया गया।

महाआरती स्थल पर पूजन पाठ और महाआरती की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए।अयोध्या मे राम मन्दिर के निर्माण के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में महिलाओं ने भगवा लाल साडी पहिन कर राम दरबार रैली जय जय श्री राम के नारो को गुन्जायमान कर शोभायात्रा निकाली। नागरिकों को जगह जगह राम दरवार के दर्शन हुए। एक वाहन में राम दरबार की प्रतिमूर्ति में कन्याएं श्रद्धा का केन्द्र रही। जयबाला निगम अध्यक्ष स्त्री शक्ति सँगठन कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा नर्मदापुरम वैलिन्टियर जन अभियान परिषद पर्यावरण टोली सदस्य भावना श्रीमती निधि हर्ष बाला निगम सरन कुमार निगम को रैली को देखने का सुअवसर मिला।

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल में दो दिवसीय प्री प्राइमरी भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स स्कूल में दो दिवसीय प्री प्राइमरी भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। 21 व 22 जनवरी 2025 को स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्सह से हिस्स लिया। प्रतियोगिता प्री.प्राइमरी ;नर्सरी कक्षा से यूकेजी कक्षा हेतु आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने अपना विषय अच्छे से तैयार कर अपना भाषण प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपने भाषण के विषय से संबंधित सुंदर वेशभूषा में मंच पर आकर प्रतियोगिता को और भी आकर्षक बना दिया। प्रतियोगिता के अतिथिध् निर्णायक डॉ वसुधा तिवारीए डॉ उमंग अग्रवाल डॉ सत्या दुबे डॉण्नंदिनी मालवीय तथा डॉ शुभांजलि चौधरी थे। निदेशक श्रीमती जूही चटर्जी तथा प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। डॉ उमंग अग्रवाल ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि मंच पर इस तरह आत्मविश्वास के साथ बोलने से हम काबिल बनते हैं तथा विषय से संबंधित ज्ञान भी प्राप्त करते हैं। डॉ वसुधा तिवारी ने बताया कि शिक्षा तो सभी विद्यालय संस्थानों में विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है किंतु संस्कृति व संस्कारों से जोड़ने का उत्तम कार्य स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा बहुत अच्छे से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप शील्ड तथा प्रमाण.पत्र दिए गए। प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल भाषण की कला को सिखाना नहीं बल्कि सार्वजनिक बोलने के कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करना था। इस तरह आत्मविश्वास बढ़ाकर बच्चे हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

# युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 13 फरवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 13 फरवरी को जनपद पंचायत नर्मदापुरम में किया जाएगा।तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का दायित्व श्रीमती बबीता राठौर, डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम को सौंपा गया है। तथा रोजगार मेला के आयोजन संबंधी अन्य कार्यो एवं व्यवस्थाओं के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

# गणतंत्र दिवस पर होगी शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर रोशनी

नर्मदापुरम (निप्र)। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 के अवसर पर जिले के समस्त शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थालों पर रोशनी होगी।

# विभागीय परामर्श दात्री समिति की बैठक 27 जनवरी 2025 को

नर्मदापुरम (निप्र)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नर्मदापुरम की विभागीय परामर्श दात्री समिति की बैठक 27 जनवरी 2025 को सायं 05:00 बजे से उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग के बैठक कक्ष में आयोजित की जाएगी।

# शा. ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम ने बताया कि अनुसूचित जाति विकास विभाग म.प्र. भोपाल अंतर्गत संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय बी.टी.आई. नर्मदापुरम में कक्षा 6 के लिए सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 18 फरवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा हेतु चालू शिक्षा सत्र 2024-25 की कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थी अपना आवेदन एमपीटास पोर्टल https://www. tribal.mp.gov.in/mptassc पर 31 जनवरी 2025 तक कर सकेंगे।

# बिना अनुमति रहने वाले एवं अपात्र कर्मचारियों से शासकीय आवास खाली कराए : कमिश्नर

## अधिकारी परामर्श दात्री समिति की बैठक कर अधीनस्थ कार्यालय का निरीक्षण करें



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के. जी. तिवारी ने समय सीमा की बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने शासकीय आवासो के मामलों में यह सुनिश्चित कर ले की किसी भी अपात्र कर्मचारी को वह आवंटित तो नहीं हुआ है साथ ही बिना अनुमति शासकीय आवासो में रहने वाले कर्मचारियों के विरुध भी कार्यवाही करते हुए उनसे आवास रिक्त करवा कर आवश्यक आवास शुल्क राशि शासकीय कोष में जमा कराई जाए।

कमिश्नर ने निर्देश दिए की जिन कर्मचारियों के स्वयं के आवास हैं और वह शासकीय आवास में रह रहे हैं तो ऐसे कर्मचारीयों से भी प्राथमिकता से शासकीय आवास खाली कराया जाए साथ ही जो नियम अनुसार शासकीय आवास की पात्रता नहीं रखते हैं ऐसे कर्मचारी से भी शासकीय आवास खाली कराया जाए और उनसे निर्धारित किराया जमा कराया जाए। कमिश्नर ने कहा कि कई कर्मचारी ऐसे हैं जो पात्र है फिर भी उन्हें आवास प्राप्त नहीं हुआ है। आवास रिक्त होने की स्थिति में ऐसे कर्मचारियों को आवास आवंटित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि वह आवंटित आवास में रहने वाले कर्मचारियों का सत्यापन कर सूची प्रेषित करें।

**31 मार्च से ई ऑफिस सिस्टम सभी शासकीय कार्यालय में लागू होगा**

कमिश्नर श्री तिवारी ने बताया कि 31 मार्च से सरकार ने सभी शासकीय कार्यालय में ई ऑफिस सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन 23 जनवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं का पूरा लाभ उसके वास्तविक रूप से पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुँचे इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगरीय निकाय में प्रथम शिविर एवं द्वितीय शिविरों का आयोजन 18 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है।तत्संबंध में गुरूवार 23 जनवरी को नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम के वार्ड नं. 26 काली मंदिर जुमेराती एवं वार्ड नं. 28 गैरेज लाईन में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03: 00 बजे तक तथा नगरपालिका परिषद इटारसी के वार्ड क्रं. 33 नरेन्द्र नगर परदेशी किराना के पास एवं वार्ड क्रं. 34 चेतन्य नगर परदेशी किराना के पास प्रातः 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक द्वितीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# समेरिटंस में तीन दिवसीय रामोत्सव का समापन

## राम का चरित्र ही हमें राह दिखाता है



नर्मदापुरम (निप्र)। राम का चरित्र हर स्थिति में हमें आगे बढ़ने की राह दिखाता है। राम को जीवन में अपनाकर ही हम अपने जीवन को आदर्शों के शिखर पर प्रतिष्ठित कर सकते हैं। यह बात बुधवार को समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर में रामोत्सव के समापन अवसर पर प्रमोद शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि राम के जीवन का एक चरित्र ही हमें श्रेष्ठ बना सकता है। इस अवसर पर छात्रा एंजिल ने मानस की चौपाइयां सुनाई जबकि छात्र अक्षतए पार्थ ने भजन प्रस्तुत किया। संस्था के डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा ने एक भजन सुनकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय में भगवान रामजी की पूजा अर्चना डा शर्मा और प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने की। इसके अलावा संस्था के इटारसी विद्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत निकाली गई रैली



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के आदेशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार 22 जनवरी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत महिला एवं बालविकास विभाग अंतर्गत रैली का आयोजन कर बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक माहौल रखने हेतु नारे लगाते हुए रैली आरा मशीन से आजाद चौक तक निकाली गई। रैली में पर्यवेक्षक महिला बाल विकास नर्मदापुरम श्रीमती आशा भदौरिया, कार्यकर्त्तायें एवं वार्ड की महिलाओ ने भाग लिया।

# शेष बचे हुए किसानों को उपार्जित धान का भुगतान सुनिश्चित किया जाए : कलेक्टर



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें धान खरीदी की स्थिति और आगामी गेहूं उपार्जन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 64 उपार्जन केंद्रों पर 13,588 किसानों से 165440 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके साथ ही 162723 मीट्रिक टन धान का परिवहन भी पूरा हो चुका है। खरीदी गई धान की कुल राशि 380.51 करोड़ रुपए में से 334.10 करोड़ रुपए का सफल भुगतान किसानों को किया जा चुका है। मिलर्स द्वारा 85790 मीट्रिक टन धान का उठाव भी किया जा चुका है।कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देश दिए कि शेष किसानों को शीघ्र ही उपार्जित धान का भुगतान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए है कि उपार्जित धान के तेज परिवहन पर भी ध्यान दे संबंधित अधिकारी। साथ ही, उन्होंने आगामी गेहूं उपार्जन के लिए कृषकों के पंजीयन और उपार्जन केंद्रों के निर्धारण को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने पूर्व वर्षों में हुई गेहूं खरीदी की भी समीक्षा की। उन्होंने डीडीए नर्मदापुरम को किसान खेत पाठशाला के माध्यम से कृषकों में नरवाई ना जलाने के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिए।उन्होंने यह भी कहा कि जिले के किसान भाइयों को मूंग के अलावा अन्य वैकल्पिक फसलों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें ज्यादा लाभ मिल सके और कृषि क्षेत्र में विविधता आए।बैठक के दौरान उपसंचालक कृषि के आर हेडाऊ, जिला आपूर्ति अधिकारी ज्योति जैन सिंघाई, जिला विपणन अधिकारी देवेंद्र यादव सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत घर-घर जाकर हितग्राहियों का किया जा रहा है ई-केवाईसी कार्य

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत ई-केवाईसी कार्य के लिए डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। अभियान के तहत नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों जैसे खोजनपुर, रसूलिया, फेफरताल, मालाखेड़ी, जलालबाद आदि में राजस्व अमले द्वारा घर-घर जाकर हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य किया गया।अभियान का उद्देश्य नागरिकों का ई-केवाईसी रजिस्ट्रेशन करना है ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें सुगमता से मिल सके और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस अभियान को सफलता पूर्वक लागू करने के लिए हर घर तक पहुंच रहे हैं और लोगों को इसके लाभ के बारे में जागरूक कर रहे हैं।कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा अभियान में राजस्व अमले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि ई-केवाईसी प्रक्रिया समय पर और सही तरीके से पूरी हो।


खंड-I

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्यालय- सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 1022/ई-टेंडरिंग/2025-26, दिनांक 20-01-2025**

उपसंचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | जे.सी.बी./ पोकलेन द्वारा ठूंठ खुदाई एवं संग्रहण कार्य (ग्राम खामदा भाग-4 तहसील माखन नगर, सुपलई भाग-3 तहसील माखन नगर एवं खामदा भाग-1 तहसील इटारसी एवं अन्य विस्थापित ग्राम) | 150000/- | 500/- |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 21.01.2025 को शाम 05.00 बजे से दिनांक 05.02.2025को शाम 05.00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।

**https://www.mptenders.gov.in/**

जी/22040/24

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

उपसंचालक
सतपुडा टाइगर रिजर्व
नर्मदापुरम



**कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग ) नर्मदापुरम**

क्रमांक/आ0वि0/नि02024-25/208 नर्मदापुरम दिनांक-16/01/2025

**::: ई-निविदा विज्ञप्ति :::**

**निविदा आमंत्रण सूचना ( आन लाईन ई-निविदा प्रथम आमंत्रण )**

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से जिले में संचालित छात्रावासो/आश्रमों/शैक्षणिक संस्थाओं में सुदृणीकरण कार्यो/मरम्मत कार्यों हेतु आनलाईन मोहरबंद प्रतिशत दर निविदायें फार्म "ए" पर लोक निर्माण विभाग की केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/ सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न तालिका में अंकित निर्माण कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग की भवन निर्माण एवं विद्युत कार्य हेतु प्रचलित दर सूची दिनांक 01.01.2024 से प्रचलित प्रभावशील पर कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम म0प्र0 ऑनलाईन पद्धति से बिड आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत ( लाखो में ) | अमानत राशि ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | कार्य पूर्णता अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | जिले के विकासखण्ड केसला अंतर्गत संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रावासो/आश्रमों एवं शैक्षणिक संस्थाओं/ आवासीय विद्यालयों में विभाग व्दारा प्रदाय विभिन्न मद अंतर्गत वार्षिक मरम्मत कार्य, सुदृणीकरण, कार्य अनुरक्षण कार्य, लघु निर्माण कार्य (वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य, अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, शौचालय एवं स्नानागार निर्माण कार्य नलकूप खनन कार्य) अन्य कार्य | 105.00 | 1,05,000/- | 12,500/- | 365 दिवस | "स" श्रेणी के ठेकेदार या उससे उपर |
| 2 | | जिले के विकासखण्ड सोहागपुर/पिपरिया/बनखेडी अंतर्गत संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रावासो/आश्रमों एवं शैक्षणिक संस्थाओं / आवासीय विद्यालयों में विभाग व्दारा प्रदाय विभिन्न मद अंतर्गत वार्षिक मरम्मत कार्य, सुदृणीकरण, कार्य अनुरक्षण कार्य, लघु निर्माण कार्य (वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य, अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, शौचालय एवं स्नानागार निर्माण कार्य नकूप खनन कार्य) अन्य कार्य | 60.00 | 60,000/- | 10,000/- | 365 दिवस | "स" श्रेणी के ठेकेदार या उससे उपर |
| 3 | | जिले के विकासखण्ड बाबई/सिवनीमालवा /नर्मदापुरम अंतर्गत संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रावासो/ आश्रमों एवं शैक्षणिक संस्थाओं / आवासीय विद्यालयों में विभाग व्दारा प्रदाय विभिन्न मद अंतर्गत वार्षिक मरम्मत कार्य,सुदृणीकरण, कार्य अनुरक्षण कार्य, लघ निर्माण कार्य (वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य, अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, शौचालय एवं स्नानागार निर्माण कार्य नलकूप खनन कार्य) अन्य कार्य | 60.00 | 60,000/- | 10,000/- | 365 दिवस | "स" श्रेणी के ठेकेदार या उससे उपर |

उपरोक्त कार्य के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) https.//www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय एवं प्रस्तुत किए जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 07/02/2025 सांय 5.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत सूचना व जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती ।

जी/22039/24

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

सहायक आयुक्त,
जनजातीय कार्य नर्मदापुरम


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com